हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 30.4 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री



## से-7 में दो दिन से पानी के लिए भटक रहे

**भिलाई।** पहले ही सेक्टर 6 और सेक्टर 7 में पेयजल किल्लत शुरु हो गई है। सेक्टर 7 के कुछ क्षेत्रों में पिछले दो दिन से जलापूर्ति ठप होने के कारण रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग आज भी पानी के लिए भटकते रहे। रविवार और सोमवार को सेक्टर 7 के सड़क दो से सड़क 8 तक क्वार्टरों के नलों में पानी नहीं आया। रहवासियों को पेयजल व निस्तारी पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने बताया कि शिकायत के बाद भी नलों में पानी नही आ रहा है मेटेनेंस आफिस वाले पाइप लाइन में खराबी बताकर संधारण कार्य के बाद जलापूर्ति सुचारु होने का आश्वासन दे रहे हैं। प्रभावित महिलाएं व बच्चे सड़क 15 व 16 व मंदिर के हैंडपंप से पानी ला रहे हैं। इसी तरह शुक्रवार को सेक्टर 6 एवेन्यू के घरों में भी पानी नहीं आया। सेक्टर के लोगों ने नगर सेवाएं विभाग से जल्द संधारण व जलापूर्ति कराने की मांग की है।

# रायपुर नाका क्षेत्र में नलों से आ रहा गंदा बदबूदार पानी, निकल रहे छोटे-छोटे कीड़े

**महीनेभर से की जा रही शिकायत, लेकिन जिम्मेदारों के पास नहीं कोई सुनवाई**

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पानी की किल्लत के बीच गंदे पानी से लोग परेशान हैं। रायपुरनाका क्षेत्र में पिछले करीब महीनेभर से गंदे पानी के सप्लाई होने की शिकायत सामने आई है। इतना ही नहीं पानी से छोटे-छोटे कीड़े निकल रहे हैं। हेमचंद यादव विश्विविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय के करीब स्थित अपार्टमेंट के लोग इस वजह से खासे परेशान हैं। उन्होंने इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से की है, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है। खास बात यह है कि यह क्षेत्र निगम के 24 और 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट से मजज 500 मीटर की दूरी पर है, जहां 50 से ज्यादा घरों में 2 हजार से ज्यादा की आबादी निवासरत है। सोशल मीडिया में लगातार स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत दर्ज कराई जा रही है। बावजूद समस्या तस के तस बनी हुई है। क्षेत्र में पर्याप्त पानी भी नहीं मिल पा रहा है। लोगों का कहना है कि आसपास के क्षेत्रों में भी गंदे पानी और बैक्टीरियायुक्त पानी के सप्लाई होने की शिकायत मिल रही है, लेकिन उन्होंने इस बारे में जानकारी नहीं ली है।

### गंदे पानी से बीमार पड़ रहे लोग

स्थानीय निवासी ने बताया कि जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। इसके बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। गंदे और बदबूदार पानी के बीच लोग रहने को मजबूर हो रहे है। उन्होंने बताया कि नलों में गंदा पानी आने के कारण बीमारियां भी फैलने का डर लगातार मंडरा रहा है। गंदे पानी के कारण लोग बीमार हो रहे है। इस जानकारी के बाद नगर निगम का अमला सोमवार को रायपुर नाका के प्रभावित क्षेत्र में पहुंचा। इसके बाद लीकेज खोजा गया और संधारण किया गया।



### जानकारी लेकर लीकेज सुधारा गया

इस बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं थी। वस्तु स्थिति की जानकारी ली गई। टीम को मौके पर भेजा गया। इसके बाद लीकेज को सुधारा गया। अभी स्थिति सामान्य हो गई है। शहर के अन्य हिस्सों में अभियान चलाकर इस तरह के लीकेज खोजे जा रहे हैं। उनका भी मेंटेनेंस किया जाएगा।

**-लीना दिनेश देवांगन,**
प्रभारी जलकार्य नगर निगम दुर्ग

## नालियों से पाइप का गुजरना बड़ा कारण

### क्षेत्र के आसपास से नालियों से होकर गुजरी हैं पेयजल पाइपलाइन

जानकारी के मुताबिक इस क्षेत्र क आसपास नालियों से होकर पाइपलाइन गुजरी है। आशंका जताई जा रही है कि किसी जगह पर लीकेज है। इस वजह से गंदा पानी आ रहा है। पिछले करीब महीनेभर से यह स्थिति बनी हुई है। बता दें कि नियमित सफाई के अभाव में नालियां भी बजबजा रही हैं। बदबू से लोग परेशान है। कॉलोनी के आसपास कचरा भी व्याप्त है। नियमित सफाई नहीं होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### सोशल मीडिया में लगातार शेयर हो रहा

स्थानीय निवासी डॉ. निशा श्रीवास्त ने बताया कि सोशल मीडिया में लगातार इस जानकारी को शेयर किया जा रहा है। निगम के अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। कॉलोनी के प्रमुख लोगों को भी जानकारी दी गई, लेकिन इस तरफ अब तक ध्यान नहीं दिया गया है। मैंने स्वयं इसकी शिकायत की है। लगातार वाट्सएप ग्रुप पर जानकारी दे रही हूं, कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। 50 से ज्यादा घरों में नियमित रूप से यह गंदा पानी आ रहा है।

## खबर संक्षेप

### फ्लावर शो के लिए पंजीयन आज से

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा। इसे लेक तैयारी शुरू हो गई है। आयुक्त सुमित अग्रवाल की अध्यक्षता में तैयारियों को लेकर डॉटा सेंटर में बैठक हुई। पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे, कार्यपालन अभियंता एवं उद्यान प्रभारी अनिल सिंह उपस्थित रहे। बैठक में आयोजन को इस वर्ष और अधिक भव्य व आकर्षक बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। जानकारी दी गई कि 3 फरवरी से पंजीयन शुरू हो रहा है। राजेंद्र पार्क में पंजीयन की व्यवस्था दी गई है। मेगा फ्लावर शो दुर्ग के जीई रोड स्थित राजेन्द्र पार्क में आयोजित किया जाएगा। यहां विभिन्न प्रजातियों के रंग-बिरंगे फूलों की भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजन को पिछले वर्षों की तुलना में अधिक वृहद स्वरूप दिया जाएगा, जिसमें फूलों के साथ-साथ सरकारी योजनाओं के आकर्षक मॉडल भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रतिभाओं का सम्मान और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### गांजा बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी बस्ती क्षेत्र से छावनी बस्ती, जामुल निवासी कल्याण वर्मा, आदिवासी नगर, छावनी, जामुल लोकेश उइके को पकड़ा गया। दोनों के पास से पुलिस ने 1 किलो 530 गांजा, नगद राशि, मोबाइल जब्त किया।

### सटोरिया को पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल

**भिलाई।** सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि पाटन पुलिस थाना क्षेत्र में वार्ड 9 में इलेक्ट्रॉनिक दुकान की आड़ में मोबाइल फोन से सट्टा कारोबार करने की सूचना मिली थी। पुलिस ने देशमुख मोहल्ला, बुधवारा बस्ती पाटन निवासी नितेश कुमार देवांगन को पकड़ा गया। उसके पास से एक टाटा कंपनी का वाहन 15 लाख, मोबाइल 20 हजार, सट्टा पट्टी जब्त किया गया। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना, अस्पताल में इलाज के दौरान हुई थी मौत

# उधार वसूलने को लेकर उपजे विवाद में युवक की हत्या, एनएसयूआई उपाध्यक्ष समेत पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

कोतवाली दुर्ग थाना अंतर्गत होटल 36 इन में मारपीट के बाद युवक की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने एनएसयूआई उपाध्यक्ष समेत पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। मामले में दो आरोपी प्रशांत और लक्की पहले ही पकड़े जा चुके थे। तीन अन्य आरोपियों काके उर्फ हरविंदर सिंह, मेजर सिंह सागर और अंकित झा को पुलिस ने सोमवार को पकड़ा। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से रिमांड पर जेल भेज दिया गया। मेजर सिंह एनएसयूआई में जिला उपाध्यक्ष है। आरोपियों ने मृतक ऋषि निर्मलकर से उधार के पैसों की वसूली के नाम पर जमकर मारपीट की। इसके बाद उसे अधमरा छोड़कर भाग खड़े हुए थे। घायल अवस्था में ऋषि को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। बहरहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि इंदिका मार्केट दुर्ग स्थित होटल 36 इन में 24 जनवरी को ऋषि निर्मलकर से मारपीट की गई थी। ओम नगर उरला निवासी प्रशांत राव, जयंती नगर निवासी लक्की उर्फ किशन कुमार ध्रुवे, कैलाश नगर काके उर्फ हरविंदर सिंह, गुरुनानक नगर निवासी मेजर सिंह सागर उर्फ राज सिंह सागर, दीपक नगर निवासी अंकित झा ने रकम वसूली के लिए पहले मृतक को होटल में बुलाया। जहां रकम वसूली को लेकर ऋषि निर्मलकर के साथ आरोपी युवकों ने जमकर मारपीट की थी।



### मारपीट के बाद घायल ऋषि ने दोस्तों को फोन पर दी खबर

पुलिस ने बताया कि गंभीर हालत में ऋषि ने अपने दोस्तों को फोन कर होटल बुलाया। इसके बाद उसके दोस्तों ने ऋषि को उसके घर छोड़ दिया। दूसरे दिन अचानक ऋषि की तबीयत बिगड़ गई। उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां 25 जनवरी को उपचार के दौरान ऋषि ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पीएम कराया गया। जिसमें रिपोर्ट में स्पष्ट हो गया कि ऋषि की मौत अंदुरुनी चोट के कारण मौत होने की जानकारी मिल गई। पुलिस ने मृतक के परिजन, दोस्तों का बयान लेने के बाद पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मृतक ऋषि के पिता कपड़ा प्रेस करने की दुकान चलाता हैं। ऋषि उसमें मदद करता था। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में हत्या करना स्वीकार किया।

### लात-घूसों से बेदम पीटा, अचेत अवस्था में छोड़ भागे थे आरोपी

स्टेशन रोड दुर्ग पर पीछे से कार में आ रहे मेजर सागर और उसके दोस्तों ने ऋषि को देख लिया। तभी सभी ने ऋषि को बाइक से उतारकर कार में जबरदस्ती बिठा लिया। उसे होटल 36 इन लेकर गए। होटल का मैनेजर भी आरोपी मेजर सागर ही था। होटल के एक कमरे में बंद कर सभी ने ऋषि को लात-घूसों से जमकर पीटा। फिर बाहर लाकर छोड़ दिया था। इतना होने के बाद भी ऋषि ने परिजनों को कुछ नहीं बताया। बहरहाल पुलिस मामले में विवेचना कर रही है।

### पैसों को लेकर था पुराना विवाद हत्या का बना कारण

खबरों के मुताबिक मेजर सागर ने ऋषि निर्मलकर को कुछ रकम दिया था। जिसे वो मांग रहा था, लेकिन ऋषि के पास रकम नहीं होने पर उसे नहीं लौटा पाया। लगातार फोन करने पर ऋषि मेजर का फोन रिसीव करना भी बंद कर दिया था। 20 जनवरी को ऋषि अपने दोस्त के साथ बाइक पर घूम रहा था। इसके बाद आरोपियों ने उसे कार में बैठा लिया और घटना को अंजाम दिया।

# इंस्टाग्राम में रील बनाने को लेकर पति से विवाद पत्नी ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रील बनाने को लेकर पति पत्नी में विवाद हुआ करता था। बच्चो के ट्यूशन जाने के बाद अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और शव को पीएम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि अंजली साव 35 वर्ष सोशल मीडिया पर रील बनाया करती थी। लेकिन पति को रिल बनाना ठीक नहीं लगता था। दोनों में रिल बना को लेकर विवाद हुआ करता था। नाराज होकर अंजली ने ने घर पर फांसी लगा ली। मृतका अंजली इंस्टाग्राम पर सक्रिय रहती थी और रील बनाया करती थी। अंजली साव अपने पति पप्पू साव और दो बच्चों के साथ रहती थी। अंजली गृहिणी थी और इंस्टाग्राम पर रील बनाती थी। जबकि पति प्राइवेट काम करता है। 30 जनवरी को दंपती में विवाद हुआ। शाम को बच्चे ट्यूशन निकले गए तो अंजली पंखे से लटककर जान दे दी। जब बच्चे लौटे तो अंजली फंदे से लकटी मिली। बताया गया है कि अंजली का सोशल मीडिया का लास्ट पोस्ट 26 जनवरी को अपलोड की थी। अंजली दिसंबर माह में भी धतुरा खाकर आत्महत्या का प्रयास की थी।



■ छावनी थाना क्षेत्र की है घटना, रविवार को अंतिम संस्कार किया गया

### छेड़खानी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया, न्यायिक रिमांड में भेजा जेल

**भिलाई।** महिला के साथ छेड़खानी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि ग्राम हिरतरा निवासी लक्ष्मण वर्मा ने अनाधिकृत रूप से महिला के घर पर प्रवेश कर छेड़खानी कर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ किसी भी अपराध की सूचना पुलिस को दें।

## साठ लाख के गुम हुए 202 मोबाइल उनके मालिकों को लौटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



■ कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में सौंपा गया

साठ लाख रुपए के 202 गुम हुए मोबाइल को एसीसीयू की टीम ने खोज निकाला है। पुलिस ने मोबाइल को दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, रायपुर क्षेत्र से बरामद किया है। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल ने असली मोबाइल स्वामियों को वितरण किया गया। मोबाइल वर्ष 2023 से 2026 तक मोबाइल गुम हो गया था। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी, तकनीकी विश्लेषण से पुलिस ने मोबाइल को खोजा है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम द्वारा विभन्नि कंपनियों के मोबाइलों को खोजा है। मोबाइल की कीमत 60 लाख रुपए आंकी गई है। बरामद मोबाइल फोन का विधिवत सत्यापन के बाद भी वितरण किया गया। इसी अवसर पर एसएसपी ने नागरिकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की शपथ भी दिलाई गई। गुम मोबाइल नंबर को अनिवार्य रूप से आबंटित कराएं। पोर्टल पर शिकायत दर्ज करे थाने की रिपोर्ट की प्रति, गुम मोबाइल का बिल, आधार कार्ड आवश्यक है।

## धोखाधड़ी कर रकम ट्रांसफर करने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** धोखाधड़ी कर रकम ट्रांसफर करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मोबाइल फोन के गुम होने के बाद उसके दुरुपयोग कर 1.23 लाख 900 रुपये की ठगी करने वाले आरोपी जिला कैमूर बिहार निवासी सचिन किसपोट्टा को गिरफ्तार किया गया है। 6 मार्च 2024 को पीड़ित संतोष कुमार ने छावनी पुलिस के पास पहुंचकर शिकायत किया था। जिसमें एमआई कंपनी का मोबाइल फोन गुम हो गया है। मोबाइल में जियो और आइडिया कंपनी के सिम कार्ड लगा हुआ है। कुछ ही समय बाद पीड़ित को जानकारी मिली कि उनके फोन-पे यूपीआई अकाउंट से अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुल 1.23 लाख 900 रुपए अन्य बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया। छावनी पुलिस जांच करना शुरु किया। तकनीकी साक्ष्यों और बैंक से जानकारी के आधार पर खाते की पहचान की गई। जिसमें ठगी की राशि ट्रांसफर की गई थी। जांच में यह खाता सचिन किसपोट्टा के नाम से संचालित होना पाया गया। साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस टीम बिहार रवाना हुई थी। आरोपी सचिन से पूछताछ करने पर मोबाइल के दुरुपयोग कर राशि ट्रांसफर करना स्वीकार किया। गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## किसान सम्मेलन में ट्रैफिक पुलिस की जागरुकता प्रदर्शनी को केंद्रीय मंत्री ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**कुम्हारी में हुआ था कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा माह में नागरिकों को दी जानकारी**




ट्रैफिक पुलिस द्वारा कुम्हारी में सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन में आयोजित किसान सम्मेलन के अवसर पर नियमों पर आधारित प्रदर्शनी और झांकी का आयोजन किया। प्रदर्शनी के माध्यम से सम्मेलन में शामिल नागरिकों को ट्रैफिक नियमों, सुरक्षित वाहन संचालन, सड़क हादसों के प्रमुख कारणों की जानकारी दी गई। किसान सम्मेलन के मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान थे।

इस दौरान ट्रैफिक जन-जागरूकता कार्यों एवं सड़क हादसों की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा तैयार सड़क सुरक्षा कैलेंडर भी एसएसपी विजय अग्रवाल ने केन्द्रीय मंत्री को भेंट किया। 12 प्रमुख नियमों को माहवार एक नियम, एक सुरक्षा की अवधारणा के साथ प्रदर्शित किया गया है। ट्रैफिक प्रदर्शनी के दौरान नागरिकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के उपयोग, गति सीमा का पालन करने एवं नशे की अवस्था में वाहन न चलाने की समझाइश दी। इस दौरान ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा मौजूद थीं।

**बैठक** पार्षदों और शहर के नागरिकों से मंगाए गए सुझाव, आयुक्त ने सभी विभागों को दिए जरूरी निर्देश

# 500 करोड़ से ज्यादा का होगा दुर्ग निगम का बजट, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम ने वर्ष 2026-27 के लिए वित्तीय बजट की तैयारी शुरू कर दी है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश के बाद निगम के विभागीय दफ्तरों में हलचल तेज हो गई है। सभी विभागों से खर्च का वास्तविक ब्योरा मांगा गया है। इसके अलावा आय-व्यय के प्रावधानिक आंकड़े उपलब्ध कराने कहा गया है। इसे लेकर रोजाना विभागीय अधिकारी लाइन लगाकर निगम आयुक्त दफ्तर के बाहर खड़े आसानी से देखे जा सकते हैं। निगम में संभवत : पहला ऐसा मौका है कि नगर पालिक निगम एक्ट 1956 की धाराओं के अनुरूप समय पर बजट बैठक बुलाए जाने की तैयारी की जा रही है। इतना ही नहीं पार्षदों से सुझाव मंगाए गए हैं, ताकि शहर विकास की योजनाओं में उन्हें शामिल किया जा सके। नागरिकों से भी सुझाव मांगने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक आयुक्त द्वारा तैयार बजट को पहले महापौर परिषद की बैठक में रखा जाएगा, जहां संशोधन के बाद इसे सामान्य सभा में ले जाया जाएगा। इस हिसाब से मार्च के पहले हफ्ते में बजट बैठक बुलाने की तैयारी है। इसे लेकर सभी 13 विभागीय समितियों की बैठक भी हो चुकी है।



### जनगणना के कार्य में लगाई गई ड्यूटी इसलिए जल्द बैठक बुलाने की तैयारी

वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने बजट बैठक में हुई देरी को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि वर्तमान में एसआईआर मतदाता सूची के कार्य में नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगी हुई है। इसी कारण निगम के कुछ आवश्यक कार्यों पर अस्थाई प्रभाव पड़ा है। समय-सीमा का पूरा ध्यान रखते हुए बजट बैठक शीघ्र आयोजित की जाएगी, ताकि नगर विकास से जुड़े कार्यों की गति में कोई बाधा न आए। निगम प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। बजट समय सीमा में प्रस्तुत किया जाएगा, यह बजट शहर के विकास कार्यों को नई दिशा देगा। खबर है कि करीब 500 करोड़ से अधिक के आय-व्यय का ब्योरा तैयार किया जा रहा है।

### वित्त विभाग की बैठक में आंकड़ों को उपलब्ध कराने के लिए बढ़ाया गया समय

निगम प्रशासन द्वारा शहर के विकास को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों तथा पार्षदों से बजट में शामिल किए जाने वाले विकास कार्यों के मांग एवं सुझावों के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। प्र स्ताव भेजने की समय-सीमा एक सप्ताह बढ़ाई गई निगम प्रशासन ने प्रस्ताव प्रस्तुत करने की समय-सीमा को एक सप्ताह के लिए बढ़ाया है, जिससे सभी विभाग एवं पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतर और व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत कर सकें। अधिकारियों ने बताया कि इससे बजट को अधिक लोकहितकारी और संतुलित बनाया जा सकेगा। प्राप्त प्रस्तावों के संकलन के बाद निगम में बजट पर चर्चा बैठक आयोजित की जाएगी। आवश्यक संशोधन एवं औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद सभापति श्याम शर्मा की अध्यक्षता में सामान्य सभा का आयोजन कर बजट प्रस्तुत किया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलीं महापौर, एमआईसी मेंबर्स ने भी की चर्चा

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर नितिन नबीन दुर्ग निगम की महापौर अलका बाघमार ने मुलाकात की। इस दौरान मेयर-इन-काउंसिल के सदस्यों में देव नारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, शशि साहू, पार्षद अजित वैद्य मौजूद थे। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बाघमार ने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। मुलाकात के दौरान संगठन, जनसेवा और विकास से जुड़े विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई।

### छग कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन का सम्मान समारोह सम्पन्न



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का नववर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह मुख्य अतिथि कमल वर्मा, एवं अध्यक्षता राजेश चटर्जी, विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर चन्द्राकर, जागेन्द्र साहू, श्वेता यादव की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। स्वागत भाषण महेन्द्र कुमार साहू, संचालन ललित बिजौरा एवं आभार प्रदर्शन टिकेन्द्र नाथ वर्मा ने किया। समारोह का मुख्य उद्देश्य नए वर्ष की शुभकामनाओं के साथ कर्मचारियों के मध्य आपसी समन्वय और एकता को मजबूत करना था। मुख्य अतिथि कमल वर्मा ने कर्मचारी हितों की रक्षा और शासकीय कार्यों को पारदर्शिता के साथ पूरा करने के संकल्प को दोहराया । इस अवसर पर फेडरेशन द्वारा उन कर्मचारी और अधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने पिछले वर्ष अपने दायित्वों का उत्कृष्ट निर्वहन किया। कार्यक्रम में हेमंत कुमार वर्मा, छाया वर्मा, भानु प्रताप यादव, रोशनी धुरंधर, चंचल द्विवेदी, गिरधर वर्मा , वरूण साहू आदि मौजूद रहे।

## केंद्रीय बजट को लेकर कांग्रेस-भाजपा और व्यापारिक संगठनों की मिली जुली प्रतिक्रिया

बजट प्रतिक्रिया

# भाजपा ने कहा-किसानों की आय दुगुनी करने वाला बजट, कांग्रेस बोली-बजट से जनता में छाई निराशा

विनसिटी में प्रस्तुत वित्तीय बजट को लेकर मिलीजुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट पेश किए जाने के बाद राजनीतिक दलों ने अपने-अपने तरीके से बजट में प्रतिक्रिया दी है। भाजपा कार्यालय में जहां जश्न मनाया गया, वहीं कांग्रेस ने इसे निराशाजनक और चुनावी बजट करार दिया। भाजपा ने बजट को किसानों की आय दोगुनी करने वाला बताया। 2024 के विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला बजट कहा। ग्रामीण भारत के लिए अब तक का सबसे व्यापक, संतुलित और दूरदर्शी बजट बताया। 53 लाख करोड़ के कुल केंद्रीय बजट में से 15 लाख करोड़ से अधिक राशि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से ग्रामीण विकास, कृषि, किसान, मजदूर और ग्रामीण महिलाओं के कल्याण पर खर्च की जा रही है, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। ग्रामीण बजट को अक्सर केवल ग्रामीण विकास मंत्रालय या कृषि मंत्रालय के आंकड़ों तक सीमित देखा जाता है, जबकि वास्तविकता यह है कि ग्रामीण भारत पर होने वाला व्यय कई मंत्रालयों और योजनाओं में विभाजित होता है। दूसरी ओर कांग्रेस ने बजट को चुनावी बताया, जिससे आम जनता निराश हुई है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ने वाला है और किसानों तथा गरीब मजदूर वर्ग को भारी निराशा हुई है। साईं ने आरोप लगाया कि यह सरकार केवल पूंजीपतियों की है और मिडिल क्लास के लिए भी कुछ नहीं है। नारियल, काजू, चंदन और अखरोट जैसी खेती की बात को किसानों के साथ एक बड़ा मजाक बताया, क्योंकि ये फसलें केरल में होती हैं, जहां आने वाले दिनों में चुनाव हैं। किसानों की उपज एमएसपी पर ही खरीदी करने का ऐलान होना चाहिए था। कर स्लैब का निर्धारण नहीं होने पर भी नाराजगी व्यक्त की है।

### भारत की ऊंची उड़ान का मजबूत आधार : विजय



2026-27 के वार्षिक बजट को ऐतिहासिक और दूरदर्शी दस्तावेज के साथ कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला बजट बताते हुए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत देश का यह बजट उनके नाम के अनुरूप ही है। यह बजट निर्मल भी है, इसमें सीता मैया की ममता दिखती है और यह रमणीक भी है। सांसद श्री बघेल ने कहा कि इसमें देश की नारी शक्ति का सशक्त प्रतिबिंब दिख रहा है। महिला वित्त मंत्री के रूप में निर्मला जी ने लगातार नवीं बार देश का बजट प्रस्तुत करके नया रिकॉर्ड बनाया है। ये बजट 2047 के विकसित भारत की हमारी ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि हमारे केंद्रीय बजट में देश को आत्मनिर्भर,विकसित भारत बनाने की योजनाओ के ठोस कदम दिख रहे हैं। इसमें साफ दिख रहा है कि हमें किन योजनाओ के साथ आगे बढ़ना है.बजट में हवाई सेवा, रेल सेवा, सड़क सेवा स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा सभी सेवाओं के विस्तार के लिए योजनाओं को महत्वपूर्ण तरीके के साथ मजबूती से स्थान दिया गया है. इसमें युवा, किसान,महिला, उद्यमी कलाकार साहित्यकार प्रत्येक वर्ग के लिए कुछ ना कुछ जरूर है। उन्होंने कहा कि यह बजट आयकर में भी काफी राहत प्रदान करने वाला है। नए नियमों से आम जनता को आयकर के क्षेत्र में काफी राहत मिलने वाली है।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश को लाभ : राकेश पांडेय



केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट को छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राकेश पांडेय ने कहा कि यह बजट राज्य के सर्वांगीण विकास को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बजट में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सड़क, रेल और औद्योगिक परियोजनाओं पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे छग में निवेश बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। ग्रामीण विकास, किसान कल्याण, सिंचाई योजनाओं और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने से राज्य के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए किए गए प्रावधान छग जैसे आदिवासी बहुल राज्य के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के गरीब एवं मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी। खनिज संपदा से समृद्ध छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास, स्टार्टअप, एमएसएमई एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती देने से राज्य की अर्थव्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। यह बजट गांव, गरीब, किसान, कारीगर और छोटे उद्यमियों के भविष्य की स्पष्ट रूपरेखा है। खादी और ग्रामोद्योग से जुड़े कुटीर उद्योगों, एमएसएमनई सेक्टर, स्वरोज़गार को जिस तरह प्रोत्साहन दिया गया है। यह बजट रोज़गार सृजन करने वाला नागरिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

### रिफॉर्म नहीं, रिफ्रेम्ड झूठ का पुलिंदा : राकेश



ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट रिफॉर्म बजट नहीं बल्कि जनता की पीड़ा से आंख चुराने वाला, कॉर्पोरेट हितों की रक्षा करने वाला और गरीब-विरोधी दस्तावेज है। सरकार ने इस बजट में बड़े-बड़े शब्दों और आकर्षक नारों के पीछे आम नागरिक की समस्याओं को पूरी तरह छिपाने का प्रयास किया है। राकेश ठाकुर ने कहा कि देश महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली और मध्यम वर्ग की टूटती कमर जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने इन मुद्दों पर कोई ठोस समाधान देने के बजाय केवल आंकड़ों और घोषणाओं की बाजीगरी की है। आम जनता को राहत देने के लिए न तो आयकर में कोई वास्तविक छूट दी गई और न ही रोजमर्रा की जरूरतों की महंगाई कम करने के लिए कोई प्रभावी कदम उठाया गया। सरकार एआई, डिजिटल इंडिया और इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर करोड़ों रुपये के प्रावधान दिखा रही है, लेकिन यह पूरी तरह रोजगारविहीन विकास मॉडल है। युवाओं के लिए न तो स्थायी नौकरियों की व्यवस्था की गई और न ही बंद पड़ी सरकारी भर्तियों को शुरू करने की कोई मंशा दिखाई दी। आज देश का युवा डिग्री लेकर सड़कों पर भटक रहा है और सरकार केवल भविष्य के सपनों की बातें कर रही है।

### बजट 12.20 लाख करोड़ के पार : गटागट



केंद्र सरकार के वित्तीय बजट का चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने स्वागत किया है। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अनूप गटागट ने इस बजट को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए यह बजट तैयार किया है। देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पहली बार बजट 12.20 लाख करोड़ के पार पहुंच गया है। बजट 2026 आम आदमी, किसान, युवा और छोटे उद्योगों को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट है। यह स्वावलंबी भारत के संकल्प को मजबूती देगा। देश को विकसित भारत की दिशा में आगे ले जाएगा। मैन्युफैक्चरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिया गया जोर बजट 2026 को रोजगार और स्वावलंबन का बजट बनाता है। यह छोटे व्यापारियों के लिए नई ऊर्जा लेकर आया है। बजट 2026 भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की मजबूत नींव रखता है। यह नीति, निवेश और विश्वास तीनों को एक साथ जोड़ता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था की मौजूदा कमजोरी, मंदी की आशंकाओं और अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता को ध्यान में रखते हुए यह बजट सतत विकास की दिशा में एक व्यावहारिक और दूरदर्शी प्रयास के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इंडिया सेमिकंडक्टर मिशन (आईएसएम) 2.0 का शुभारंभ जल्द करने की घोषणा की गई है। इलेक्ट्रॉनिक कम्पोनेंट विनिर्माण योजना के लिए परिव्यय बढ़कर 40,000 करोड़ रुपये हो जाएंगे, खादी,हथकरघा और हस्तशिल्पों को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल का शुभारंभ किया जाएगा।

### देश के सर्वांगीण विकास की नींव : नितेश



युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष नितेश साहू ने प्रस्तुत केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए बताया की केंद्र सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और दूरदर्शी सोच का प्रमाण है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत को विश्वगुरु बनाने का स्पष्ट रोडमैप है। कांग्रेस की वर्षों की तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति के विपरीत यह बजट राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाला है। देश की रक्षा बजट में की गई बढ़ोतरी यह दर्शाती है कि मोदी सरकार देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करती। आधुनिक हथियारों, स्वदेशी रक्षा उत्पादन और सैनिकों के सशक्तिकरण पर जोर देकर सरकार ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत आज एक मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राष्ट्र है,इस बजट में टैक्स के सरलीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। कर व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और करदाताओं के अनुकूल बनाकर सरकार ने ईमानदार टैक्स देने वालों को सम्मान दिया है,इससे मध्यम वर्ग, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा तथा देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। चिकित्सा छेत्र में बायो फ़र्मा शक्ति को बढ़ावा देने व कैंसर जैसे गंभीर बीमारी की दवाओं को सस्ता करना डायबिटीज और अन्य दवाओं को सस्ता करने का एलान किया है ,युवाओं के लिए रोजगार सृजन, स्टार्टअप, स्किल डेवलपमेंट और आधुनिक तकनीक में निवेश से देश का युवा आत्मनिर्भर बनेगा।

### अर्थव्यवस्था मजबूत करने वाला बजट : समर्थ



वैश्विक अर्थव्यवस्था की मौजूदा कमजोरी, मंदी की आशंकाओं और अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता को ध्यान में रखते हुए यह बजट सतत विकास की दिशा में एक व्यावहारिक और दूरदर्शी प्रयास के रूप में प्रस्तुत किया गया है। ऐसे समय में जब विश्व की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ दबाव में हैं, भारत के इस बजट में घरेलू मजबूती पर विशेष फोकस किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए लगभग 12.20 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय प्रस्तावित किया गया है, जिससे आर्थिक गतिविधियों और रोजगार सृजन को गति मिलेगी। चेंबर ऑफ कामर्स के उपाध्यक्ष सतीश समर्थ एमएसएमई क्षेत्र, जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, उसके सशक्तिकरण हेतु 10,000 करोड़ का विशेष एमएसएमई ग्रोथ फंड प्रस्तावित किया गया है, ताकि छोटे एवं मध्यम उद्योगों को वित्तीय मजबूती, तकनीकी उन्नयन और रोजगार सृजन में सहायता मिल सके। इसके साथ ही परिवहन एवं कनेक्टिविटी जैसे सड़क, रेल, जलमार्ग और लॉजिस्टिक्स नेटवर्कके विस्तार पर जोर दिया गया है, जिससे व्यापार की लागत कम हो और देश के दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। कुल मिलाकर, यह बजट वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था को स्थिर, मजबूत और दीर्घकालिक विकास की राह पर ले जाने का स्पष्ट संकेत देता है।

### आत्मनिर्भर भारत की रफ्तार बढ़ेगी-अमित



भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश सहप्रमुख आईटी और पूर्व जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा ने केंद्रीय बजट 2026-27 को देश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत के सुनहरे भविष्य की नींव रखता है और आर्थिक विकास के साथ-साथ हर वर्ग के कल्याण को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। वित्तमंत्री द्वारा पेश किया गया यह बजट गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग और श्रमिकों के लिए लाभकारी साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस बजट का सीधा फायदा छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों को मिलेगा। कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लेकर कहा कि बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं। आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से कृषि उत्पादकता बढ़ाने की योजना बनाई गई है। पशुपालन और डेयरी सेक्टर को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के तहत स्थानीय उद्योग और हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया जाएगा। युवाओं के लिए बजट को उम्मीदों भरा है और स्टार्टअप, एमएसएमई, मैन्युफैक्चरिंग और पर्यटन क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और युवाओं को अपने ही क्षेत्रों में काम के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि विदेश यात्रा और विदेशों में शिक्षा पहले की तुलना में अधिक सुलभ होगी। जिला अस्पतालों के उन्नयन, हर जिले में इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर की स्थापना, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आयुर्वेदिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के प्रावधान किए गए हैं।

### स्वदेशी अपनाओ का ध्येय सार्थक सिद्ध होगा



महिला चैम्बर ऑफ कामर्स भिलाई अध्यक्ष सुमन कन्नोजे का कहना है, 2026 का बजट ऐसे समय में आया है जब दुनिया भर में उथल पुथल मची है। ऐसे में भारत के लिए अपनी ग्रोथ की रफ्तार को बनाए रखना और साथ ही अपने खर्चों को कंट्रोल में रखना एक बड़ी चुनौती थी। स्किल डेवलपमेंट और महिलाओ को प्रोत्साहन देने के लिए छोटे स्तर पर बिजनेस शुरू करने वाली महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान किया गया है, शी मार्ट योजना।

### दिशाहीन बजट में छत्तीसगढ़ गायब-लक्ष्मी



दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नरसिंह ने कहा कि यह बजट पूरी तरह से दिशाहीन सरकार का दिशाहीन बजट है, जिसमें आम आदमी, किसान, मजदूर और मध्यवर्ग के लिए कुछ भी ठोस नहीं है। लक्ष्मी नरसिंह ने कृषि प्रधान देश होने के बावजूद भाजपा सरकार ने किसानों की आमदनी दुगनी करने का वादा किया था वह इस बजट में भी खोखला साबित हुआ है। लक्ष्मी नरसिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट में छत्तीसगढ़ के लिए कुछ भी ठोस नहीं है। खनिज और बिजली से देश के अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला छत्तीसगढ़ बजट में पूरी तरह गायब है।

# रजत महोत्सव पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

■ स्वामी आत्मानंद विद्यालय में जागरुकता गतिविधियां



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पाहंदा में विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।

विद्यार्थियों में ऊर्जा के प्रति जिम्मेदारी और समझ विकसित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम में सौर ऊर्जा और बिजली की बचत पर केंद्रित निबंध एवं नारा लेखन प्रतियोगिता के साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता में स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को रंगों के माध्यम से उकेरा गया। सीएसपीडीसीएल की सेवाओं और ऊर्जा संबंधी सामान्य ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के दौरान पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित कार्यपालन अभियंता, पाटन संभाग बीपी दीपक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल बच्चों की रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि वे ऊर्जा के प्रति जिम्मेदार नागरिक भी बनते हैं। सहायक अभियंता धर्मेन्द्र देवांगन और कनिष्ठ अभियंता सुश्री स्वाति गौतम ने सौर ऊर्जा के लाभ और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सेजस पाहंदा के प्राचार्य जेपी पाण्डेय सहित सीएसपीडीसीएल के कर्मचारी नेतराम साहू, पुनीत वर्मा, कंचन चतुर्वेदी और विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित जनों द्वारा स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और बिजली बचाने के संकल्प के साथ हुआ।

# जल-जंगल-जमीन के मुद्दे पर शहर में निकली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

■ आम आदमी पार्टी ने भिलाई नगर में निकाली रैली



आम आदमी पार्टी ने रविवार को भिलाई नगर में छत्तीसगढ़ बचाओ-भिलाई बचाओ यात्रा के तहत भव्य बाइक रैली निकाली। रैली का नेतृत्व चुनाव प्रभारी डॉ. एसके अग्रवाल ने किया। इस दौरान पार्टी ने प्रदेश सरकार की विफलताओं और भिलाई नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार को लेकर जमकर हमला बोला। रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। शहर में जगह-जगह नारेबाजी के साथ पार्टी ने परिवर्तन का संदेश देने का दावा किया।

यात्रा की शुरुआत हुडको स्थित श्रीराम चौक से हुई। इसके बाद रैली सेक्टर-6 के परिवार चौक होते हुए सुपेला के गदा चौक पहुंची, जहां जनसभा का आयोजन किया गया। पार्टी नेता जसप्रीत सिंह ने बताया कि यात्रा का समापन खुर्सीपार के श्रीराम चौक में हुआ। यहां प्रदेश सचिव के ज्योति ने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव वदूत आलम ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के जंगलों, किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा। मेहरबान सिंह ने आरोप लगाया कि लंबे समय से कांग्रेस का महापौर होने के बावजूद शहर का विकास ठप है। उन्होंने कहा कि भिलाई में बीजेपी और कांग्रेस मिलकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। इस अवसर पर रामपाल, रऊफ अंसारी, धर्मेंद्र चौधरी, दिवाकर ठाकुर, मालती गुप्ता, विजय अग्रवाल, सोनू यादव, बलविंदर, हरचरण, अविनाश, शिवा शेट्टी, देवेंद्र, रजत पांडे, मनीष मिश्रा, बलदेव साहू, विनोद साहू, पिंकी, विनोद पांडे सहित बड़ी संख्या में युवा नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सहारा कंपनी में जमा राशि नहीं मिली, आवेदक ने की शिकायत

# नहर पुल के जर्जर होने से परेशान मोरिदवासी, पुनर्निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

■ जनदर्शन में कुल 165 आवेदन हुए प्राप्त

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 165 आवेदन प्राप्त हुए।

इसी कड़ी में भिलाई चरोदा नगर निगम के वार्ड 39 ग्राम मोरिद निवासियों ने नहर के पुल को पुर्ननिर्माण कराने आवेदन दिया। ग्रामवासियों ने बताया कि नहर पुल दुर्घटनाओं का कारण बन गया है। सड़क सीमेंटीकरण के बाद पुल सड़क के बराबर हो गया है, जिसके कारण दुर्घटना होते रहती है। पुल पुराना और संकरा होने के साथ ही कचरे से भरा है, जिससे पानी की निकासी बाधित हो रही है और नहर का पानी सड़क पर बह रहा है। स्थानीय लोगों ने पुल के पुनर्निर्माण की मांग की है।

### उप स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

उप स्वास्थ्य केन्द्र मोरिद में बुनियादी सुविधाओं उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि केन्द्र में एकमात्र एएनएम की ड्यूटी के कारण सप्ताह में कई दिन ओपीडी बंद रहती है। स्वास्थ्य केंद्र में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। शुगर व बीपी की दवाइयाँ लंबे समय से उपलब्ध नहीं है। बीपी मापने की मशीन छह माह से खराब है, वहीं शुगर जांच की स्ट्रिप्स न होने से मरीजों को परेशानी हो रही है, जिससे गरीब तबके के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने को कहा।



### एफडी की राशि नहीं मिलने की शिकायत

सुपेला निवासी ने सहारा कंपनी में जमा राशि दिलाने आवेदन दिया। सहारा कंपनी में वर्ष 2015 में जमा की गई एफडी की राशि अब तक नहीं मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उसने कुल 8 एफडी में 1.50 लाख रुपये जमा किए थे। कंपनी में ऑनलाइन आवेदन किया गया था, जिसमें 45 दिनों के भीतर भुगतान का आश्वासन दिया गया था। लेकिन आवेदन के कई महीने बीत जाने के बावजूद अब तक एक भी पैसा नहीं मिला है। बार-बार ऑनलाइन स्टेटस चेक करने पर केवल प्रोसेस में है बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह रोजी-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है और कर्ज लेकर जीवनयापन कर रहा है। लगातार आर्थिक दबाव के कारण वह मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहा है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने संबंधित नोडल अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## चंदूलाल चंद्राकर की पुण्यतिथि पर अरुण वोरा ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी एवं जननेता स्व. चंदूलाल चंद्राकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण वोरा ने नेहरू नगर स्थित चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अरुण वोरा ने कहा, स्व. चंदूलाल चंद्राकर केवल एक नाम नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता, सामाजिक चेतना और जनसेवा की जीवंत विरासत हैं। उन्होंने अपने लेखन और संघर्षों के माध्यम से आमजन की आवाज़ को सत्ता के गलियारों तक पहुंचाया। उनका जीवन आज भी हमें सच्चाई, निर्भीकता और जनहित के लिए लड़ने की प्रेरणा देता है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व महापौर आरएन वर्मा, फतेह सिंह भाटिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, राजकुमार साहू, सेवादल अध्यक्ष विकास सापेकर, मंडल अध्यक्ष सुधीर चंदेल एवं पप्पू श्रीवास्तव सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्व. चंद्राकर के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप



### आलबरस में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**अंडा।** ग्राम पंचायत आलबरस में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### निकुम मंडई 6 को

**निकुम।** ग्राम निकुम भाटापारा में 6फरवरी शुक्रवार को भव्य मेला मंडई होगी। छत्तीसगढ़ नाच जय अंबे नाच पार्टी नीचे कोहड़ा (अंबागढ़) की प्रस्तुति रात्रि 9 बजे होगी। यह जानकारी ग्राम पंचायत निकुम सरपंच भागवत पटेल व योगी साहू ने दी।

### पालिका ने नल कनेक्शन काटा

**कुम्हारी।** नगर पालिका ने बकायादारों का नल कनेक्शन काटा। इससे पहले सभी बडे बकायादारों को डिमांड नोटिस जारी किया गया था। करों का भुगतान ना करने पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के आदेशानुसार यह कार्रवाई की गई। नगर पालिका राजस्व प्रभारी कैलाश देवदास एवं अन्य कर्मचारियों ने नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही की ।

### विद्युत विभाग का रजत महोत्सव आज

**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड शाखा जामगांव आर में 3 फरवरी को समरता भवन बाजार चौक जामगांव आर में 12 बजे से छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया है।

### मीरादातार सेलूद में उर्स मुबारक आज

**सेलूद।** हजरत सैय्यद अली मीरादातार में 3 फरवरी को हजरत शैय्यद मीरादातार के मजार पर चादर व मीरादातार के छिल्ले ग्राम सेलूद में उर्स पाक निहायत शान व शौकत से मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सियाराम साहू, नारायण प्रसाद, रुपेन्द्र कुमार, शरद चन्द्राकर, मोहित देशमुख, यशवंत गोविन्द, दीपक, सुरज, मनोज, संतोष यादव गोड़पेण्ड्री, भीम साहू मजार चौक सेलूद एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम सेलूद शामिल रहेंगे ।

## निधन

### रीता देवसी



**भिलाई।** भिलाई निवासी स्व. पीपी देवसी की पत्नी रीता देवसी 80 वर्ष का निधन सोमवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा प्लॉट न 14, सड़क 3, कृपाल नगर भिलाई से दोपहर 12 बजे निकलेगी। उनका अंतिम संस्कार इसाई कब्रिस्तान नेहरू नगर भिलाई में बुधवार 4 फरवरी को दोपहर 1 बजे किया जाएगा। वे शैजू देवसी, शिजि स्टार्ली और शीना जोस की मां, सीएस स्टार्ली और जोस एन्थोनी की सास, शालू, रौशन, अश्विन, रिया और स्टीना की नानी और दादी थीं।

## बिजली विभाग ने मनाया प्रदेश की प्रगति का उत्सव

# विकसित भारत के निर्माण में बिजली की बदौलत छत्तीसगढ़ का होगा सबसे बड़ा योगदान : ललित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, ललित चन्द्राकर ने प्रदेश की ऊर्जा शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत संचारण-संधारण संभाग दुर्ग द्वारा सीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित भव्य समारोह में उन्होंने विभाग की उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं को रेखांकित किया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से जनसमुदाय को संबोधित करते हुए चन्द्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ बिजली के मामले में सरप्लस राज्य है, जो हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश का सबसे बड़ा निवेश छत्तीसगढ़ में आएगा क्योंकि यहां पर्याप्त बिजली उपलब्ध है। जब भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बनेगा, तब उसमें छत्तीसगढ़ की बिजली का योगदान सर्वोपरि होगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील किया कि वे अब ग्रीन एनर्जी की ओर कदम बढ़ाएं ताकि विकास के साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने की। इस अवसर पर विभाग के प्रति समर्पित सेवा देने वाले रिटायर्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, समय पर बिजली बिल भुगतान और ऊर्जा संरक्षण करने वाले आदर्श घरेलू, कृषि और बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं तथा सर्वप्रथम सौर ऊर्जा अपनाने वाले उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

समारोह स्थल पर बिजली विभाग द्वारा विशेष स्टाल और प्रोजेक्टर के माध्यम से पीएम सूर्य घर योजना एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उपभोक्ताओं को बिजली की बचत और सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, आशा विक्की मिश्रा एवं विभिन्न सरपंचगण उपस्थित थे। विभागीय अधिकारियों में अधीक्षण अभियंता दुर्ग वृत्त आरके मिश्रा, कार्यपालन अभियंता संचारण-संधारण संभाग दुर्ग छगन शर्मा, सहायक अभियंता अविनाश दुबे एवं श्रीकांत बड़गैया सहित बड़ी संख्या में सहायक व कनिष्ठ अभियंता और कर्मचारी सक्रिय सहभागिता निभाई।

**सौर ऊर्जा अपनाने वाले उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया प्रोत्साहित**



## अंचल की खबरें

### नगर पालिका ने दुकानों पर की तालाबंदी



**कुम्हारी।** बकायादारों के खिलाफ नगर पालिका ने तालाबंदी की कार्रवाई की। राज्य शासन के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 की विभिन्न प्रकार की चालू एवं बकाया कर जैसे-दुकान किराया, सम्पत्तिकर, समेकितकर, शिक्षा उपकर, युजर चार्ज, जलकर एवं अन्य करों का वसूली लक्ष्य पूरा करने हेतु सभी बकायादारों को डिमांड नोटिस जारी किया गया, किन्तु समय अवधि में बकायाकरों का भुगतान नहीं किये जाने के कारण 31 जनवरी को कार्रवाई की गई। इनमें आई.डी.एस.एम.टी. योजना अन्तर्गत निर्मित दुकानों में बड़े बकायादार शामिल हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नेतराम चन्द्राकर के आदेशानुसार राजस्व प्रभारी कैलाश देवदास एवं राजस्व विभाग के समस्त कर्मचारियों के द्वारा दुकान में ताला बंद की कार्यवाही की गई।

### उज्ज्वला योजना से मिला स्वच्छ ईंधन का संबल



**पाटन।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 में गैस सिलेंडर एवं चूल्हा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पात्र परिवारों की महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि नगर पंचायत पाटन की सभापति नेहा बाबा वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण, स्वच्छ रसोई और गरिमामय जीवन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद चंद्र प्रकाश देवांगन सहित गोपाल कौशिक, राजेंद्र चक्रधारी, भगवती आडिल नरसिंह वर्मा उपस्थित थे। वहीं जया यादव, मोनिका सपहा, अनुसूया ठाकुर, प्रतिमा वर्मा, सुमन कंडरा, मथुरा बाई लोधी, सती साहू, सोनाली देवांगन, अहिल्या निषाद, मीनाक्षी वर्मा, नेहा सहित कुल 24 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन वितरित किए गए।

### बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दौड़े लोग



**सेलूद।** प्रिज्म ग्रुप ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 5 किमी दौड़ का आयोजन शनिवार को किया, जिसमें 300 से अधिक छात्रों और फैकल्टी ने भाग लिया। कॉलेज की निदेशक, ख्याति साहू ने कहा, ?हम बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने प्रतिबद्ध हैं और इसके माध्यम से हम समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना चाहते हैं। चेयरमैन, रूपेश गुप्ता ने आयोजन की सराहना की। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कॉलेज के डायरेक्टर असीम साहू ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### शोभायात्रा के साथ कथा का हुआ समापन



**अंडा।** कुथरेल श्री राम मंदिर उद्घाटन महोत्सव के अंतर्गत विश्व शांति सेवा धाम के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय श्री राम कीर्तन एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण महोत्सव का रविवार को भावपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। आखिरी दिन सीता–राम विवाह उत्सव, कथा विराम एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। विवाह उत्सव के उपरांत नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें राम–सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, जनपद पंचायत दुर्ग सभापति लोमश चन्द्राकर, सरपंच गीता जगपाल, सचिव नेवेन्द यादव सहित आस पास के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर जामुल में हुआ स्नेह सम्मेलन

**जामुल।** सान्दीपनि बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर जामुल का स्नेह सम्मेलन का आयोजन लीला चौक जामुल में किया गया। मुख्य अतिथि सतीश साहू, विधायक प्रतिनिधि अहिवारा थे। अध्यक्षता ईश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल ने की। अति विशिष्ट अतिथि दिलेश्वर सह विभाग कार्यवाह, दुर्ग विभाग, हरिश्चन्द्र साहू, विभाग समन्वयक दुर्ग, मनीष बुजसिया अध्यक्ष सान्दीपनि बाल कल्याण समिति जामुल, प्रशांत गुप्ता मंडल अध्यक्ष भाजपा जामुल, चंद्रकांत मांडले और यशवंत सिंह ठाकुर सचिव सरस्वती शिशु मंदिर जामुल थे। अतिथियों का स्वागत गुलशन यादव, वेदप्रकाश ठाकुर, धनेंद्र सोनगढ़, नम्रता साहू, रुपाली सिन्हा ने पुष्पहार से किया। इस दौरान प्रेरणादाई नाटक, छत्तीसगढ़ का राज्यगीत, वंदेमातरम,कर्मा, ददरिया कथक, पंथी नृत्य, लोक नृत्य राउत नाच, बारहमासी गीत, बस्तरिया गीत और भांगड़ा आदि की प्रस्तुति हुई। संचालन पारसमणी शर्मा, नम्रता साहू , आशा ठाकुर, कृष्णा वर्मा, अनुराधा शर्मा पलक शर्मा , प्रियंका सिंह, राधा साहू, भावना यादव, सुरेखा पटेल, ललिता निषाद, सोनम वैष्णव, माधवी पटेल और निशा सोनवानी ने किया।

## भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती के साथ भरर में होगा सामूहिक आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन



तहसील साहू संघ पाटन के तत्वाधान में होने वाले विशाल कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति तहसील के पांचो परिक्षेत्र में से एक परिक्षेत्र में आयोजित किया जाता है। उसी क्रम में इस वर्ष जामगांव आर परिक्षेत्र के स्थानीय साहू समाज ग्राम भरर में आयोजित किया जा रहा है। जिसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए 30 जनवरी को तहसील साहू संघ पाटन के द्वारा आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में तहसील के पदाधिकारियों के द्वारा 25 एवं 26 अप्रैल को विशाल कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह आयोजन ग्राम भरर में करने की सहमति बनी जिस पर उपस्थित सदन के सदस्यों ने समर्थन देकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला साहू संघ महासचिव अश्वनी साहू, तहसील उपाध्यक्ष डूलेश्वर साहू,विमला साहू, संगठन सचिव सुरेंद्र साहू, भुनेश्वरी साहू तहसील साहू संघ पाटन महासचिव महेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष नारद साहू, परिक्षेत्रिय अध्यक्ष टेसराम साहू सहित, गंगादीन साहू, डॉ सुरेश कुमार साहू, गीता साहू, दिलीप साहू, हेमलता साहू, विनोद साहू, रोहित साहू , मधुकांत साहू, योगेश साहू, कोमिन साहू, खेमलता साहू, कालिन्दी साहू, छन्नू लाल साहू आदि उपस्थित थे।

### रामकथा में जुटे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उतई

खोपली में महिला शिव शक्ति समूह एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा राम कथा का आयोजन किया गया। विदया दुबे ने 9 दिवसीय प्रवचन किया। यहां भंडारा का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य मंजू वर्मा, रजनी देशमुख,लक्ष्मी वर्मा, पिंकी देशमुख, जानकी साहू , कुमारी देशमुख,पूजा साहू,ममता साहू, जानकी साहू, दुलेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।



## प्राकृतिक खेती को बचाने किया आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| उतई

नगर साहू समाज उतई की ओर से भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन, शीतला नगर उतई में किसानों के लिए कृषि चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नागेन्द्र दुबे (लोक में राम शोध संस्थान एवं खेत प्योर के संस्थापक) ने रासायनिक खेती से हो रहे गंभीर नुकसान पर प्रकाश डाला। राजेन्द्र राव (राष्ट्रीय अध्यक्ष — सनातन धर्म परिषद भारत) ने सनातन धर्म में विलुप्त होती जा रही परंपराओं एवं संस्कृतियों को बचाने की आवश्यकता पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विशेष रूप से किशोर साहू, डिकेन्द्र हिरवानी, तोषण साहू, चुन्नीलाल साहू, पुरुषोत्तम पटेल, कुंदन साहू, चंद्रजीत ठाकुर, ऋषि कुमार साहू, दुष्यंत साहू, डोमन हिरवानी,खूबी राम साहू, राजेन्द्र कुमार साहू,यज्ञ कुमार साहू एवं अन्य किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कुशल साहू ने किया। आयोजन में युगल किशोर साहू, धामेन्द्र साहू एवं नगर साहू समाज उतई का विशेष योगदान रहा।

### हरियाली की रक्षा के लिए चलाया जा रहा व्यापक अभियान



**उतई।** ग्राम कोड़िया की महिला पंच गणों द्वारा सरपंच खुमान निषाद के निर्देशानुसार बारिश के पहले हुवे वृक्षारोपण का निरक्षण किया जा रहा है। यहां सभी पेड़ो पर क्यारी बनवाई जा रही है जिससे मिट्टी उर्वरक हो और पानी इधर उधर न बहे। सरपंच खुमान निषाद ने बताया कि पौधों के पेड़ बनने में रोजगार सहायक की भी बहुत ज्यादा योगदान है। जो कि बहुत ही सक्रियता से अपने कार्यों का निर्वहन करती है। ग्राम कोड़िया में बारिश के पहले लगभग 7 से 8 सौ जाम ,कटहल, आम, कोनोकार्पस, जामुन और नीम जैसे बहुत से पौधे लगाए गए हैं जो अब पेड़ बनने तैयार हो गए हैं।

## बिजनेस साइट

### शादी सीजन में सिल्क इंडिया एग्जीबिशन का क्रेज स्टील क्लब सेक्टर-8 में 4 फरवरी तक आयोजन



**भिलाई।** शादी और ठंड के सीजन में खरीदारी को देखते हुए सिल्क इंडिया की भव्य प्रदर्शनी को ग्राहकों की मांग पर 4 फरवरी 2026 तक बढ़ा दिया गया है। यह प्रदर्शनी स्टील क्लब, सेक्टर-8, भिलाई में आयोजित की जा रही है। आयोजकों के अनुसार, सभी शहरवासियों के लिए प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है।प्रदर्शनी को भिलाई-दुर्ग सहित ट्विन सिटी के ग्राहकों से लगातार अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। आयोजिका तारा मैम ने बताया कि प्रदर्शनी में भारत के अलग-अलग राज्यों से लाए गए अथेंटिक और ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हैंडलूम, हस्तशिल्प एवं हथकरघा उत्पादों की विशाल रेंज उपलब्ध कराई गई है, जिससे ग्राहकों को एक ही जगह पर बेहतरीन कलेक्शन देखने और खरीदने का मौका मिल रहा है। देशभर के कलेक्शन एक छत के नीचेआयोजकों ने बताया कि प्रदर्शनी में कोलकाता की सिल्क साड़ियां,भागलपुर की सिल्क साड़ियां,बनारस की सिल्क साड़ियां,कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी,उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन, कॉटन सलवार और ड्रेस मटेरियल ग्राहकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक संचालित रहेगी।

### श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में उमड़ी भीड़

**पाटन।** सिन्हा परिवार केसरा द्वारा श्री मद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह बाजार चौक में आयोजित किया गया। जिसमें व्यास पीठ पर पं.सूर्यभान चौबे महराज पण्डरभट्ठा (मुंगेली) एवं परायणपीठ पं.मनोहर महराज आसीन थे। श्रीम.द्भागवत कथा के तृतीय दिवस ध्रुव चरित्र,शिव सती चरित्र एवं शिव विवाह का विस्तृत वर्णन किया गया। व्यास पीठ का आशीर्वाद लेने विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू, जनपद सदस्य दिनेश साहू,युवराज सिन्हा प्रदेश अध्यक्ष सिन्हा समाज, चैतुराम सिन्हा, गजानंद सिन्हा,सोहन लाल सिन्हा,डॉ.भुनेश्वर सिन्हा, दीपक सिन्हा, ठाकुर राम सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भिलाई नायर समाजम (रजि. नं. 1433) सेक्टर- 8, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) ने विक्रेता श्री रामप्रकाश अरोरा आ. सोनाराम अरोरा के हक एवं स्वामित्व की अपरिवर्तित भूमि खसरा नं. 1052 रकबा 0.72 हेक्ट. एवं खसरा नं 1370/1 का टुकड़ा 1.1082 ACRES कुल रकबा 2.87 ACRES मौजा कुरुद तह. एवं जिला दुर्ग में स्थित को क्रय करने का सौदा करना चाहते हैं।

अतः एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता, व्यक्ति, संस्था, निकाय, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्था, बैंक, पारिवारिक सदस्य, वित्तीय संस्थाएं इत्यादी को सूचित किया जाता है कि यथा वर्णित संपत्ती के संबंध में किसी भी प्रकार का दावा आपत्ती हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्तीमय दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत करें बाद समय अवधि बीत जाने के बाद मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि की रजिस्ट्री के लिये पूर्णतः स्वतंत्र रहेगा। समय अवधी बीत जाने के बाद दावा एवं आपत्ती शून्य माना जायेगा। अतः सूचना जानें।

स्थान- भिलाई

Sandeep Kumar Nayak
(Advocate)
27/8, N.N. (East) Bhilai
Mo.No-9827945731
Date : 03/02/2026

### समक्ष श्रीमान् नोटरी पब्लिक महोदय, दुर्ग (छ.ग.)
### शपथ-पत्र

मै प्रशांत कुमार चौधरी PRASHANT KUMAR CHOUDHARY पिता अशोक चौधरी ASHOK CHOUDHARY निवासी-1 /7 देवी सदन शास्त्री नगर कैंप-01 वार्ड-18 सुपेला भिलाई पिन कोड 490023 तह. व जिला-दुर्ग छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित शपथ पूर्वक बयान पेश करता हूँः-

1. यह कि मैं उपरोक्त पतें पर निवास करता हूँ ।
2. यह कि मेरे दसवीं के अंकसूची में मेरा नाम प्रशांत कुमार PRASHANT KUMAR दर्ज है ।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5869 9909 2309 में व पेन कार्ड क्रमांक BKCPK8432M मेरा नाम प्रशांत कुमार चौधरी PRASHANT KUMAR CHOUDHARY दर्ज है ।
4. यह कि प्रशांत कुमार चौधरी PRASHANT KUMAR CHOUDHARY व प्रशांत कुमार PRASHANT KUMAR दो अलग-अलग नाम है किन्तु व्यक्ति एक अर्थात् ये दोनो ही नाम मुझ एक व्यक्ति का नाम है ।
5. यह कि मैं अपने सभी जानने वाले व परिचितो को सार्वजनिक प्रकाशन के माध्यम से अवगत कराना चाहता हूँ कि मेरा नाम प्रशांत कुमार चौधरी PRASHANT KUMAR CHOUDHARY नाम से जाना व पहचाना जाये लोकप्रिय समाचार पत्र में प्रकाशन के सम्बंध में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता
प्रशांत कुमार चौधरी

### समक्ष श्रीमान् नोटरी पब्लिक महोदय, दुर्ग (छ.ग.)
### शपथ-पत्र

मै सलोनी प्रशांत चौधरी SALONI PRASHANT CHOUDHARY पति प्रशांत कुमार चौधरी PRASHANT KUMAR CHOUDHARY निवासी-1/7 देवी सदन शास्त्री नगर कैंप-01 वार्ड-18 सुपेला भिलाई पिन कोड 490023 तह. व जिला-दुर्ग छ.ग. की निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित शपथ पूर्वक बयान पेश करती हूँः-

1. यह कि मैं उपरोक्त' पतें पर निवास करती हूँ ।
2. यह कि मेरे दसवीं के अंकसूची में मेरा नाम सलोनी जयसवाल SALONI JAISWAL है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 925571136935 में व पेन कार्ड क्रमांक AOFPJ6181A मेरा नाम सलोनी प्रशांत चौधरी SALONI PRASHANT CHOUDHARY दर्ज है।
4. यह कि सलोनी प्रशांत चौधरी SALONI PRASHANT CHOUDHARY व सलोनी जयसवाल SALONI JAISWAL दो अलग-अलग नाम है किन्तु व्यक्ति एक अर्थात् ये दोनो ही नाम मुझ एक व्यक्ति का नाम है ।
5. यह कि मैं अपने सभी जानने वाले व परिचितो को सार्वजनिक प्रकाशन के माध्यम से अवगत कराना चाहती हूँ कि मेरा नाम सलोनी प्रशांत चौधरी SALONI PRASHANT CHOUDHARY नाम से जाना व पहचाना जाये लोकप्रिय समाचार पत्र में प्रकाशन के सम्बंध में प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती
सलोनी प्रशांत चौधरी

### न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.:-202601100800029/ अ-6/ वर्ष 2025-2026
ग्राम- दारगांव / प.ह.नं.- 23,

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती यामिनी तिवारी डायरेक्टर अभिनव ग्रीन पॉवर (इंडिया) प्रायवेट लिमिटेड ग्राम दारगांव (भिलाई) तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा फौती नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम दारगांव प.ह.नं. 23 स्थित भूमि कुल ख.नं. 17 कुल रकबा 7.23 हे लगान 23.72 रू. के भूमिस्वामी अभिनव ग्रीन पावर इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड डायरेक्टर विजय तिवारी सा. प्रगति नगर भिलाई का मृत्यु दिनांक 11.06.2025 हो चुका है जिसका फौती आवेदिका द्वारा दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 06/02/2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।
आगामी पेशी दिनांक 06/02/2026
जारी दिनांक 16/01/2026

मुहर — तहसीलदार धमधा







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करता है आदर्श विवाह

**दुर्ग।** पोटियाकला स्थित खेल मैदान में दुर्ग जिला निषाद केवट समाज द्वारा आयोजित आदर्श विवाह और वार्षिक सम्मेलन 2026 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण वोरा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अरुण वोरा ने कहा कि आदर्श विवाह जैसे आयोजन सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के साथ-साथ सरलता, समानता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। निषाद समाज द्वारा सामाजिक एकजुटता और सामूहिक जिम्मेदारी के साथ ऐसे कार्यक्रम आयोजित करना सराहनीय है। उन्होंने समाज की परंपराओं, शिक्षा और आपसी सहयोग को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम में अरुण वोरा के साथ पूर्व महापौर आरएन वर्मा, फतेह सिंह भाटिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, राजकुमार साहू, पप्पू श्रीवास्तव, सेवादल अध्यक्ष विकास सापेकर एवं मंडल अध्यक्ष सुधीर चंदेल भी उपस्थित थे।

### मोर संगवारी सेवा योजना से बने 55755 सर्टिफिकेट

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के निवासरत नागरिकों को घर बैठे शासकीय योजनाओं का लाभ दिये जाने मोर संगवारी सेवा योजना संचालित किया जा रहा है। शासन द्वारा इस योजना के तहत 27 प्रकार के दस्तावेज बनाने की योजना है, मोर संगवारी योजना के तहत विवाह प्रमाण पत्र 3917, मृत्यु प्रमाण पत्र 3059, जन्म प्रमाण 5058, दुकान एवं स्थापना पंजीयन/गुमास्ता लाइसेंस 357, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन 14989, पैन कार्ड सेवा 285, आधार मोबाईल नम्बर अपडेट 17655, मूल निवास प्रमाण पत्र 1448, अनुसुचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र 65, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र 305, आय प्रमाण पत्र 4060, एपीएल राशन कार्ड 429, विवाह सुधार 255 प्रमाण पत्र बनाए गए हैं। इस प्रकार कुल 51882 एवं अन्य 3873 प्रमाण पत्र बनाकर दिये जा चुके हैं।

# सामाजिक आयोजनों में पहुंचे मंत्री गजेन्द्र, समाज विकास के लिए की कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

## डोम शेड, अतिरिक्त कक्ष और शौचालय निर्माण का ऐलान, सामाजिक भागीदारी की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सामाजिक सम्मेलनों एवं आयोजनों में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। उन्होंने समाजजनों से संवाद करते हुए समाज के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक एकता, संस्कार और बेटियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

गजेन्द्र यादव ने कहा कि समाज का सशक्तिकरण तभी संभव है, जब शिक्षा, संस्कार और सामाजिक सहभागिता को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने उपस्थितजनों से बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। बोरसी में



आयोजित परमेश्वरी जयंती कार्यक्रम में मंत्री ने देवांगन समाज के भवन में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। सामाजिक आयोजनों को सुविधाजनक बनाने हेतु भवन में डोम शेड निर्माण की घोषणा की, जिससे धूप और बारिश में कार्यक्रमों में किसी प्रकार की असुविधा न हो। रविवार को संत रविदास जयंती के अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने उनके अनुयायियों के सामाजिक भवन में 15 लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। इसी क्रम में आज पोटियाकला में आयोजित सामाजिक महोत्सव में मंत्री श्री यादव ने निषाद समाज एवं केंवट समाज के सामाजिक भवन के लिए 50-50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार सभी समाजों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में बीते दो वर्षों में विभिन्न समाजों द्वारा रखी गई अधिकांश मांगों के लिए राशि स्वीकृत की जा चुकी है। कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा शेष कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में भी समाजों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

## नए श्रम संहिताओं के खिलाफ हड़ताल के लिए यूनियनें मजदूरों को कर रहीं लामबंद

# बीएसपी के हजारों श्रमिक न्यूनतम वेतन के मोहताज, बढ़ रहा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

औद्योगिक नगरी के नाम से चर्चित भिलाई में हजारों ठेका मजदूर केंद्र सरकार के न्यूनतम वेतन के लिए तरस रहे हैं। इसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। श्रमिक संगठनों ने ठेका कंपनियों से जल्द निर्धारित वेतन दिलाने की मांग की है। केंद्र सरकार के नए लेबर कोड को श्रमिक विरोधी बताते हुए इसके खिलाफ देशव्यापी हड़ताल की तैयारी तेज कर दी है।

उल्लेखनीय है कि 1 अप्रेल से देश मेंनए श्रम कानून लागू होने के बाद केंद्र सरकार ने ठेका मजदूरों के मासिक वेतन में 4 से 6 हजार रुपए वृद्धि होने की घोषणा की है। कुशल, अर्धकुशल और कुशल तीनों श्रेणी के ठेका मजदूरों के वेतन में बढ़ोत्तरी हो जाएगी। यूनियनो के मुताबिक देश के बड़े औद्योगिक केंद्र भिलाई के भिलाई इस्पात संयंत्र और औद्योगिक क्षेत्र में हजारों ठेका श्रमिक काम कर रहे हैं। बीएसपी में करीबन 24 हजार ठेका मजदूर और औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में दस हजार से अधिक मजदूर काम कर रहे हैं। बीएसपी के अधिकतर श्रमिकों को पहले से ही निर्धारित वेतन ठेका एजेंसियां भुगतान नहीं कर रही हैं। औद्योगिक क्षेत्र के सैकड़ों मजदूरों को भी तय वेतन से कम दिया जा रहा है। सीटू,एटक और इंटक लंबे समय से ठेकेदारों से बीएसपी के ठेका मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम दिलवाने को लेकर कई बार आंदोलन कर चुके हैं। तीन दिन पूर्व ठेका श्रमिक यूनियन इंटक द्वारा केंद्र द्वारा निर्धारित वेतन की मांग को लेकर मुर्गा चौक मे आंदोलन किया गया था। यूनियन के महासचिव संजय साहू ने ज्ञापन में ठेका मजदूरों की अन्य 12 मांगों के साथ केंद्र सरकार के निर्धारित वेतन जल्द दिलाने की मांग की थी। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि जब पहले से ही अधितकर ठेका श्रमिकों को प्रथम नियोक्ता बीएसपी ठेकेदारों से न्यूनतम वेतन वेतन नहीं दिलवा पा रहा है तो आगे नए श्रम कानून के लागू होने के बाद बढ़ा वेतन कैसे मिलेगा। यह बीएसपी उद्यमियों ही नहीं सरकार के लिए भी पहले की तरह एक बड़ी चुनौती होगी।

### औद्योगिक क्षेत्र के सैकड़ों मजदूरों को भी नहीं मिल रही न्यूनतम मजदूरी



### 12 जनवरी को श्रम संहिता के खिलाफ अभा हड़ताल

यूनियनों के मुताबिक नए श्रम कानूनों के लागू होने से कर्मचारियों, मजदूरों सहित लाखों मेहनतकशों के सड़क पर आने की नौबत आ जाएगी। सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी बताते हैं कि देश के केंद्रीय यूनियनों द्वारा सरकार के श्रमिक विरोधी नए लेबर कोड के खिलाफ 12 जनवरी को देशव्यापी हड़ताल करने जा रहे हैं। संयुक्त यूनियन द्वारा हड़ताल का नोटिस बीएसपी को भी दे दिया गया है। हड़ताल के लिए कर्मियों को जागरुक किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने वर्षों पहले श्रमिकों के हितों से जुड़े 23 श्रम कानूनों को खत्म कर 4 लेबर कोड को लागू किया जा रहा है। नए श्रम संहिताओं के लागू हो जाने से श्रमिकों के अधिकारों व हितों में कटौती हो जाने से लाखो मजदूर सड़क पर आ जाएंगे।

### नहीं मिलता वेतन व बोनस

यूनियनों के मुताबिक बीएसपी में ठेका मजदूरों की संख्या 22 से 25 हजार के बीच है। इनमें कुछ बड़ी कंपनियों को छोड़कर अधिकतर ठेकेदार और पेटी ठेकेदार वर्षों से हजारों श्रमिकों क निर्धारित वेतन दे रहे हैं और न ही बोनस व भत्ते ही दे रहे हैं। मात्र 4 से 9,10 हजार वेतन पर काम करने मजबूर हैं। इसमें से भी वेतन काट लेते हैं। आए दिन धरना प्रदर्शन के बाद भी प्रथम नियोक्ता बीएसपी ठेका कंपियनों पर निधारित वेतन दिलवाने दबाव नहीं बना पा रहा है। यूनियनो के मुताबिक मजदूरो के पूरा वेतन मांगने पर ठेकेदार गेट पास वापस ले लेने की चेतावनी देते हैं ।

# भिलाई निगम के स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में अनियमितता, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आम आदमी पार्टी भिलाई के नेता जसप्रीत सिंह ने सोमवार को जनदर्शन में भिलाई नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए जिम्मेदारों को पद से हटाने ज्ञापन सौंपा।

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि अधिकारियों के संरक्षण में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और निर्माण कार्यों में भारी आर्थिक अनियमितताएं हो रही हैं, जिसे वर्तमान आयुक्त और मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है। जसप्रीत सिंह ने कलेक्टर से मांग की है कि निष्पक्ष जांच के लिए इन अधिकारियों को हटाया जाए, अन्यथा ये अपने पद का दुरुपयोग कर साक्ष्यों और वित्तीय अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में आप नेता ने भिलाई में भू-माफियाओं के साथ मिलकर चल रहे अवैध प्लॉटिंग के खेल में आयुक्त की भूमिका की भी जांच की मांग की। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारियों को भ्रष्टाचार छुपाने के उद्देश्य से दबाया जा रहा है और पिछली शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।आप नेता ने कलेक्टर से शासन स्तर पर स्वतंत्र उच्च स्तरीय जांच दल गठित करने का निवेदन किया है जो पिछले वर्षों के निविदाओं और वित्तीय दस्तावेजों की सूक्ष्मता से जांच करे।



■ आम आदमी पार्टी ने जनदर्शन में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### युवा महोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**भिलाई।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में मड़ई 2025 चार दिवसीय अन्तर्महाविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के 31 कृषि महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। 25 से अधिक विधाओं में भारती कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। इसमें स्किट, भाषण, वाद-विवाद, चित्रकारी, पोस्टर मेकिंग, मिट्टी कला, रंगोली, मेहंदी, एलोकेशन, एक्सटेम्पोर, लोक नृत्य, एकल गीत गायन जैसी प्रतियोगिताएं प्रमुख रही। विद्यार्थियों ने रंग बिरंगी छटा बिखेर अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बारामासी छत्तीसगढ़ी गीत में लोकनृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का मादर की थाप के साथ चित्रण विस्मयकारी रहा।

### दाऊ चंदूलाल चंद्राकर की 31 वीं पुण्यतिथि पर घड़ी चौक में श्रद्धांजलि सभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ के स्वप्न दृष्टा पूर्व सांसद एवं पत्रकार स्वर्गीय दाऊ चंदूलाल चंद्राकर की 31 वीं पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। घड़ी चौक सुपेला में दाऊ की प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। विचारक आरएस शर्मा ने विचार रखे। कार्यक्रम में अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, बीडी कुरैशी, बृजमोहन सिंह, नीता लोधी, नरसिंह नाथ, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# लोगों को जीवन जीने का मार्ग दिखाता है रामचरित मानस : विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

ग्राम पंचायत जंजगिरी, बोरीगारका, उमरपोटी, मालूद, बोरई, खुरसुल में आयोजित दो दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गय। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीरामचंद्र की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, श्रद्धालु और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ मानसगान प्रतियोगिता में अंचल की ख्याति प्राप्त मंडली ने दी प्रस्तुति

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि हमने बचपन से हमने घरों में रामचरित मानस का पाठ पढ़ा और सुना होगा। सनातन धर्म का ये महाग्रंथ हमें जीवन जीने का मार्ग दिखता है और जीवन जीने की कला सिखाता है। कई विद्वान और कथा वाचकों का कहना है कि रामचरित मानस का पाठ करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इसके अलावा भी रामचरित मानस का पाठ करने के कई फायदे होते हैं। इस महा ग्रंथ की पांच चौपाइयों का रोजाना पाठ करने या श्रद्धापूवर्क जाप करने जीवन में कभी दरिद्रता नहीं आती। यानी ये चौपाइयां घर परिवार में खुशहाली लाने के लिए मंत्र का काम करती हैं। रामचरितमानस एक धार्मिक ग्रंथ है और यदि आप इसे नियमित रूप से पढ़ेंगे और सच्चे मन से पूजा करेंगे, तो आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी। इसमें लिखे हर दोहे और चौपाई का एक अलग महत्व और अर्थ होता है।



इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव, सरपंच चुम्मन लाल, उपसरपंच विकास साहू, राजेश साहू ,योग नारायण गजपाल, इंद्रमन प्रेमचंद साहू, दुर्लवा साहू आदि उपस्थित थे।

# श्रीरामनवमीं पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

श्रीराम जन्मोत्सव समिति की बैठक सेक्टर-9 में हुई। इसमें 26 मार्च को आयोजित श्रीरामनवमी उत्सव और शोभायात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में समिति के संरक्षक और प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने समिति द्वारा वर्षों से किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला और एक मुट्ठी दान-श्रीराम के नाम अभियान की जानकारी दी। प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि पिछले चार दशकों से समिति द्वारा निरंतर आयोजित यह पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर और आस्था का प्रतीक है। श्रीरामनवमी का पर्व धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। युवा विंग अध्यक्ष और भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा और आदर्शों की मिसाल है। इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भक्ति संध्या से सुसज्जित होगा। उन्होंने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और एक मुट्ठी दान - श्रीराम के नाम अभियान के माध्यम से अन्न संग्रह कर महाप्रसाद तैयार किया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान पुष्पवर्षा, झांकियों, रामायण पाठ, भजन संध्या और धार्मिक प्रवचन का आयोजन होगा। इसके साथ ही श्रीराम चौक दशहरा मैदान में ध्वजवाहकों का सम्मान भी किया जाएगा। समिति के प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा में 1101 मठ-मंदिरों की लघु शोभायात्राएं शामिल होंगी, जिनमें बाबा भोलेनाथ, भगवान चतुर्भुजी, मां बम्लेश्वरी और मां दंतेश्वरी की शोभायात्राएं प्रमुख है। ये शोभायात्राएं विभिन्न क्षेत्रों से प्रारंभ होकर शाम 7 बजे से पावर हाउस अंबेडकर चौक पर मिलेंगी और आगे श्रीरामलीला मैदान तक पहुंचेंगी, जहां विशेष धर्मसभा एवं झांकी प्रदर्शन होगा। इस आयोजन में पारंपरिक अखाड़े, पंथी नृत्य, राउत नाचा और भव्य झांकियां विशेष आकर्षण होंगे। पूरा मार्ग सजावट से सुसज्जित रहेगा और श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शोभायात्रा का स्वागत करेंगे।



■ श्रीराम जन्मोत्सव समिति की बैठक में दी गई तैयारियों की जानकारी

## भिलाई निगम ने शुरू की सबके लिए आवास मिशन योजना

# आबादी भूमि में रहने वालों को भी मिलेगा मालिकाना हक, घरों में सर्वे शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आबादी जमीन पर रहने वालों को भी मालिकाना हक मिलेगा। यानी इस जमीन के रहवासियों को भी सरकार आवास देगी।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 ''सबके लिए आवास मिशन'' पांच वर्षो के लिए प्रारंभ किया गया है। जिसमें आबादी भूमि में निवासरत हितग्राहियों का सर्वे किया जा रहा है। जिसके लिए पात्रता की शर्ते रखी गई है। एक लंबे समय से आबादी जमीन पर रहने वाले लोगों को इस योजना से बड़ी राहत मिलेगी।

### यह लोग होंगे आबादी आवास के लिए पात्र

निगम के मुताबिक हितग्राही आबादी भूमि में 31 अगस्त 2024 के पूर्व नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निवासरत हो। हितग्राही के परिवार जैसे- पति, पत्नी एवं आश्रित बच्चे के समस्त स्त्रोत से वार्षिक आय अधिकतम राशि 3.00 लाख रूपये से अधिक नहीं होना चाहिए। पिछले 20 वर्षो में केन्द्र सरकार, राज्य शासन एवं नगरीय निकास के किसी भी आवास योजना का लाभ ना लिया हो।



### ये दस्तावेज जरूरी

सबके लिए आवास मिशन योजना के लिए आवश्यक दस्तावेज भी जरूरी है। मसलन हितग्राही का भूमि का पटटा होना चाहिए। जिस मकान में रहते हैं वहां का बिजली बिल प्रस्तुत करना है। निगम में संपत्तिकर अदा करने की रसीद भी मांगी जा रही है। जमा करने की रसीद भी जरूरी किया गया है।

### जनगणना 2011 की सूची में नाम दर्ज हो

सबके लिए आवास मिशन योजना में वे लोग शामिल हो सकते हैं जिनका नाम वर्ष 2011 के जनगणना सूची में दर्ज हो।इसके अलावा राशन कार्ड जरूरी किया गया है। मतदाता सूची, किरायानामा, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य शासकीय दस्तावेज भी इस योजना में काम आएंगे। योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए कार्यालय जोन क्रमांक-3 का हेल्प डेस्क नंबर के प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में संपर्क कर सकते है।




हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



04
इस मौसम के लिए परफेक्ट हैं लिपस्टिक के ये शेड्स, करें ट्राई

## सिटी इवेंट

### स्वास्थ्य शिविर में एक्यूप्रेशर पद्धति से किया इलाज, परामर्श भी दिए



**दुर्ग।** उरला वार्ड 58 बीड़ी कॉलोनी में समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल के आव्हान पर जिला आर्युवेदिक चिकित्सालय द्वारा स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर,श्रम विभाग दुर्ग द्वारा मजदूर कार्डों का नवीनीकरण, प्रधान डाकघर दुर्ग द्वारा आधार कार्ड व बचत खाते, बीमा, आरडी, एफडी संबंधित जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इसी तरह सेवानिवृत्त शासकीय प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह वद्दन एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ द्वारा एक्यूप्रेशर चिकित्सा संबंधी आवश्यक जानकारी देकर उन्हें चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई। इसमें साइंस कॉलेज दुर्ग के एमएसडब्ल्यू अध्ययनरत विद्यार्थियों व वार्डवासियों की गरिमामय सहभागिता रहीं। कार्यक्रम संयोजक जयवर्धन समाजसेवी ने सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मियों व नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन



**दुर्ग।** कैलाश नगर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र स्कूल परिसर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा वर्मा के मार्गदर्शन में एक निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय के 75 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनके साथ उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर के दौरान बच्चों एवं अभिभावकों की आंखों की जांच, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, दृष्टि दोष की पहचान, तथा आंखों से संबंधित बीमारियों के बारे में परामर्श दिया गया। डॉ. ऋचा वर्मा ने बच्चों को आंखों की देखभाल, मोबाइल व स्क्रीन के सीमित उपयोग, संतुलित आहार तथा नियमित जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया। आवश्यकता अनुसार कुछ विद्यार्थियों को आगे के उपचार हेतु परामर्श भी दिया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं समय पर रोग पहचान में अत्यंत सहायक होते हैं। डॉ. ऋचा वर्मा ने भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## लाइव इवेंट

### शबे बरात पर आज से शुरू होगा इबादत का सिलसिला, होंगे तकरीर



**भिलाई।** शबे बराअत के मौके पर 3 फरवरी मंगलवार को शहर का मुस्लिम समुदाय मस्जिदों, घरों और कब्रिस्तान में खास इबादत करेगा। दुआओं का यह सिलसिला मंगलवार 3 फरवरी को सुबह से शुरू होगा जो देर रात तक जारी रहेगा। कब्रिस्तान हैदरगंज इंतेजामिया कमेटी कैम्प-1 की ओर से इस मौके पर कई आयोजन रखे गए हैं। वहीं तमाम जरूरी तैयारियां कर ली गई हैं। शहर की तमाम मस्जिदों में शानदार रोशनी की गई है। कब्रिस्तान हैदरगंज के हॉल में मंगलवार सुबह 7:30 बजे से कुरान ख्वानी व दुरूद ख्वानी का सिलसिला शुरू होगा। इसके बाद सुबह 10 बजे फातिहाख्वानी और इज्तेमाई दुआएं होगी। शाम को जलसे की शुरूआत तकरीर व नात से होगी। यहां कब्रिस्तान हैदरगंज में रात तकरीबन 09:30 बजे इमाम ए आज़म अबू हनीफा कॉन्फ्रेंस व महफिल ए शबे बराअत होगी, जिसमें मेहमान ए खुसूसी सैयद मुहम्मद महमूद अशरफ अशरफी अल जीलानी किछौछा शरीफ उत्तर प्रदेश होंगे।

#### गुनाहों से बरी होने की रात है शबे बराअत

शबे बराअत के आयोजन के बारे में जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमामो खतीब मौलाना मोहम्मद इकबाल अंजुम हैदर अशरफी जामई ने बताया कि शब के मायने रात और बराअत के मायने बरी होने से है। शबे बराअत की रात बहुत बरकतों वाली और अल्लाह को राजी करने वाली होती है। हदीस में आया है कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद (सअव) शबे बराअत में सऊदी अरब के जन्नतुल बकी में जा कर दुआएं करते थे। उन्ही के रास्ते पर चलते हुए लोग शबे बराअत पर कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूम परिजनों की कब्र पर दुआएं करते हैं। मौलाना अशरफी ने कहा कि यही वह रात है जब अल्लाह तआला रहमत के 300 दरवाजे खोल देता है और हर उस शख्स को बख्श देता है जिसने उसके साथ किसी को शरीक नहीं ठहराया है। उन्होंने कहा कि इस रात लोग अपने तमाम छोटे-बड़े गुनाहों पर शर्मिंदा होकर अल्लाह की बारगाह में तौबा करें तो उसकी तौबा जरूर कुबूल होती है।

### अविक को ओलंपियाड में मिला गोल्ड मेडल



**दुर्ग।** स्टूडेंट अविक जैन ने ओलंपियाड में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। वे पूर्व में प्रभारी सीएमएचओ रहे डॉ. प्रवीण अग्रवाल और बीएसपी से सेवानिवृत्त जीएम नरेंद्र जैन के प्रपौत्र हैं। अविक ने इंटरनेशनल रैंक -16 में यह गोल्ड मेडल जीता है। उनकी मां डॉ. प्रणिता जैन शहर की प्रतिष्ठित दंत चिकित्सक हैं, वहीं पिता गौरव जैन सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, जो पुणे में सेवारत हैं। अविक की इस उपलब्धि पर उन्हें सम्मानित किया गया।

## तालपुरी महिला प्रीमियर क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में महामाया की एकतरफा जीत

# चूल्हा-चौका निपटाकर महिलाओं ने जमकर लगाए चौके-छक्के, सफेद जर्सी में जीता विजेता का खिताब

**भिलाई। ट्विनसिटी के लोग हर जगह अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है। तो वहीं महिलाएं भी घर की चार दिवारी और चौका -चूल्हा को बखूबी निपटाकर खेल ने मैदान में भी अपना परचम लहरा रहीं हैं। इसी कड़ी में तालपुरी इंटरनेशनल कालोनी में महिला प्रीमियर क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया था। जिसमें कालोनी की युवतियों और महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए महिला प्रीमियर क्रिकेट लीग टी-20 के फाइनल मैच में जमकर मेहनत करते हुए सफेद जर्सी में उतरी महामाया टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। जिसे देखने कालोनी सहित आसपास के दर्शक काफी संख्या में मौजूद रहे।**





### तालपुरी महिला प्रीमियर क्रिकेट लीग

तालपुरी महिला प्रीमियर क्रिकेट लीग के टी-20 फाइनल मुकाबले में सफेद जर्सी में उतरी महामाया टीम ने बम्लेश्वरी टीम को हराकर शानदार जीत दर्ज की है। ऑर्किट ग्राउंड में खेले गए एकतरफा मैच में महामाया ने विरोधी टीम के सामने 130 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसका पीछा करते हुए नीली जर्सी में उतरी बम्लेश्वरी की सारी टीम 95 रनों पर ही सिमट गई। यह मैच महामाया की कप्तान प्रिया के नाम रहा, जिन्होंने धुआंधार पारी खेलते हुए दो छक्कों तथा नौ चौकों की मदद से 56 रन बनाए। इसके अलावा प्रिया ने विरोधी टीम के तीन विकेट भी चटकाए। इस हरफनमौला प्रदर्शन करने के कारण प्रिया को मैन ऑफ द मैच भी घोषित किया गया।

### गेंदबाजी में धार, पर बल्लेबाजी रही कमजोर

इससे पहले बम्लेश्वरी टीम की कप्तान हेमा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया, जो गलत साबित हुआ। कप्तान को अंदाजा नहीं था कि सुबह की गुनगुनी धूप बाद में तेज हो जाएगी, जिसके कारण आधी टीम लस्त-पस्त हो जाएगी। टीम की कप्तान हेमा 16, श्रम्या 16 तथा मीनू 12 रन ही बना सकीं। निश्चित अंतराल में विकेटों का पतन होने के कारण 130 रनों का लक्ष्य हासिल करने में बम्लेश्वरी नाकाम रही। उधर गेंदबाजी में धार देखने को मिली। मीनू ने तीन, समृद्धि और वंदना ने दो-दो विकेट और हिमानी ने एक विकेट लेकर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। पूरे मैच के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, रुआबांधा की प्राचार्या दीप्ति गुप्ता, संरक्षक कुबेर देशमुख और संयोजक ओपी मिश्रा सहित भारी तादाद में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।



## उपविजेता और विजेता टीम का किया हौसला अफजाई



### पुरस्कार के रूप में दी गई नगद राशि

वहीं महामाया टीम की बल्लेबाज सुनीता (17) और सीमा (12) की इस जीत में अहम भूमिका रही। जबकि इसी टीम की हर्षिता ने दो विकेट तथा इंदु और सीमा ने एक-एक विकेट लेकर बल्लेबाजों को सस्ते में चलता कर दिया। विनर कप पार्षद सविता ढवस तथा रनर कप डीसी गढ़ेवाल की ओर से प्रदान किया गया। मैच में सिक्स मारने वाली प्रिया तथा समृद्धि, क्लीन बोल्ड करने वाली सीमा, हेमावती, मीनू, समृद्धि, हर्षिता, प्रिया और इंदु एवं कैच लपकने वाली प्रिया, वंदना, मीनू, समृद्धि, हर्षिता को आयोजन के संरक्षक कुबेर देशमुख, संयोजक ओपी मिश्रा, असीम सिंह, आरएस कन्नौजिया, राजेश्वरी पशीने तथा जीडी बनर्जी ने पुरस्कार के रूप में नगद राशि दी।



# युवक-युवती परिचय सम्मेलन में बने रिश्ते




**दुर्ग ।** केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ की जिला महिला इकाई व गोंडवाना महिला मित्र समिति द्वारा जलाराम भवन सिविल लाइन में आयोजित गोंडवाना युवक-युवती परिचय सम्मेलन में समाज के युवा उत्साह के साथ शामिल हुए। इस दौरान युवाओं ने मंच में आकर अपना परिचय दिया और जीवनसाथी चयन के लिए कदम बढ़ाया। युवक-युवती परिचय सम्मेलन में कुछ रिश्ते तय भी हुए है। समाज द्वारा यह युवक-युवती परिचय सम्मेलन विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए पालकों को रिश्ता ढुंढने में आ रही परेशानियों को दूर करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। जिसका समाज के लोगों को लाभ मिला। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने की। इस अवसर पर अतिथि के रूप में नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, पार्षद मनीष कोठारी, युवराज कुंजाम, प्रदेश प्रवक्ता विष्णुदेव ठाकुर, महासभा के प्रमुख सलाहकार सीताराम ठाकुर, राजकुमार, ऋषि ध्रुव मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन वर्तमान समय की आवश्यकता है। इससे पालकों को अपने बच्चों के लिए योग्य जीवनसाथी ढुंढने में आसानी होती है और समय और व्यर्थ खर्च से भी राहत मिलती है। इस अवसर पर केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ की मांग पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव द्वारा गोंडवाना भवन के मुख्य प्रवेश द्वार के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए राशि देने की घोषणा की गई। इसके पहले आयोजन समिति की सदस्य अनीता ठाकुर ने अपने उद्बोधन में आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और आयोजन को समय की मांग बताया। संचालन भारती व नागेश और आभार प्रदर्शन महेश्वरी ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भीष्म नागेश, महेश्वरी ध्रुव, कौशल, चंद्रकांता, शरद, राजेश्वरी, पूजा, सेवती, शांति, प्रभा, पार्वती, दुर्गा, पूर्णिमा, पूनम,लोकेश्वरी, ऊषा, चंद्रकला, किशोरी, पीएल नेताम के अलावा बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## हरिभूमि के प्लानर का विमोचन









**भिलाई।** विश्वसनीय पत्रकारिता के लिए पहचाने जाने वाले दैनिक हरिभूमि का वार्षिक प्लानर-2026 गरिमामय समारोह में विमोचित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, उद्योग, व्यापार एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं। दैनिक हरिभूमि द्वारा प्रकाशित वार्षिक प्लानर-2026 का विधिवत विमोचन हुआ। कार्यक्रम में शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आईपी मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कमला मोटर्स एवं बरमेचा टेक्सटाइल के संचालक कैलाश बरमेचा, ओम ज्वेलर्स के संचालक कुमुद कांत शर्मा, बॉबी सोनी, खाटू श्याम ज्योतिष केंद्र के संचालक पं संदीप शास्त्री सहित अन्य मौजूद थे। अतिथियों ने हरिभूमि वार्षिक प्लानर-2026 को उपयोगी, जानकारीपूर्ण एवं पाठकों के दैनिक जीवन में सहायक प्रकाशन बताया। प्लानर वर्षभर समाज के हर वर्ग के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में हरिभूमि भिलाई-दुर्ग के समस्त स्टाफ की गरिमामय उपस्थिति रही। अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए हरिभूमि परिवार ने पाठकों के विश्वास और समर्थन के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

## रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों की रिसर्च को भारत सरकार ने दिया पेटेंट

कार्नर न्यूज

# अब स्मार्ट कोर्ट करेगा दिल और फेफड़ों की निगरानी, हेल्थ केयर ने तैयार की नई डिवाइस

**भिलाई। स्वास्थ्य जांच के पारंपरिक तरीकों को पीछे छोड़ते हुए भिलाई में ऐसा स्मार्ट मेडिकल कोट विकसित किया गया है, जिसे पहनते ही शरीर के भीतर चल रही गंभीर बीमारियों की पहचान संभव हो सकती है। यह कोट फेफड़ों में पानी भरने, सांस की परेशानी, ऑक्सीजन के स्तर में गिरावट, दिल की धड़कन में गड़बड़ी और ब्लड शुगर जैसे खतरनाक बदलावों को बिना किसी सुई या मशीन के रियल-टाइम में सामने लाने में सक्षम है। इस तकनीक को रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा और फैकल्टी डॉ. संदीप भट ने विकसित किया गया है, जिसे भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने मान्यता देते हुए पेटेंट जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि यह कोट पहनने वाले व्यक्ति के शरीर की लगातार निगरानी करता है और खतरे की स्थिति बनते ही खुद अलर्ट जारी करता है।**



### किन लोगों के लिए फायदेमंद

यह स्मार्ट मेडिकल कोट सबसे ज्यादा उन लोगों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है, जिन्हें लगातार स्वास्थ्य निगरानी की जरूरत होती है, लेकिन जो हर समय अस्पताल में नहीं रह सकते। बुजुर्गों के लिए यह कोट बेहद कारगर है, क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ दिल, फेफड़े और सांस से जुड़ी समस्याएं अचानक गंभीर हो सकती हैं, जिन्हें यह कोट समय रहते पहचान लेता है। यह कोट एक चलती-फिरती निगरानी प्रणाली की तरह काम करता है। यह मरीज की स्थिति बिगडने से पहले ही चेतावनी देकर बड़े खतरे को टाल सकता है। ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में जहां अस्पताल, डॉक्टर और आधुनिक जांच सुविधाएं आसानी से उपलब्ध नहीं होतीं। वहां इस कोट के जरिए मरीज का डेटा सीधे डॉक्टर तक पहुंचाया जा सकता है, जिससे दूर बैठकर भी सही समय पर मेडिकल सलाह दी जा सकती है। यह कोट उन मरीजों के लिए भी उपयोगी है, जिन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद घर पर रिकवरी के दौरान निगरानी की जरूरत होती है।

### कैसे काम करती है तकनीक

यह स्मार्ट कोट सोलर फैब्रिक से बना है, जिसमें लगे फोटोवोल्टिक टेक्सटाइल फाइबर पहनने के दौरान ही ऊर्जा उत्पन्न करते हैं। इसी ऊर्जा से कोट में लगे सभी बायोसेंसर सक्रिय रहते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति इस कोट को पहनता है, शरीर से जुड़ी अहम जानकारियां स्वतः रिकार्ड होने लगती हैं। फेफड़ों और हृदय के आसपास पानी की मौजूदगी, सांस लेने की स्थिति, हार्ट रेट, पल्स, शरीर का तापमान, ऑक्सीजन लेवल, ब्लड फ्लो और ब्लड ग्लूकोज की स्थिति को यह कोट लगातार मॉनिटर करता है। इस कोट की खास बात यह है कि यह केवल शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक और व्यवहारिक बदलावों को भी पहचान रहा है। इसमें लगे ईईजी-ईसीजी सिस्टम मूवमेंट ट्रैकिंग, गंध-संवेदी और वॉइस-फ्रीक्वेंसी एनालिसिस तकनीक के जरिए यह पता लगाया जा रहा है कि व्यक्ति तनाव में है या नहीं, नींद पूरी हो रही है या नहीं, जरूरत से ज्यादा भोजन कर रहा है या लगातार मानसिक दबाव में है। इन सभी संकेतों का विश्लेषण एक मेन मॉड्यूल और मोबाइल व क्लाउड प्लेटफार्म पर होता है, जिससे कोई भी कहीं से भी देख सकता है। इसके साथ ही डॉक्टर, परिजन या आपातकालीन सेवाओं को स्वतः संदेश भेज दिया जाता है, जिससे समय रहते मदद पहुंचाई जा सके।

### क्लिनिकल ट्रायल की भी तैयारी

इस स्मार्ट मेडिकल कोट को क्लिनिकल ट्रायल के अगले चरण में ले जाने के लिए सबसे पहले संस्थान एथिक्स कमेटी से अनुमति की प्रक्रिया कर रहा है। इसके बाद ट्रायल से जुड़ा पूरा प्रस्ताव भारत सरकार की नियामक संस्था केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चूंकि यह एक मेडिकल डिवाइस है, इसलिए इससे जुड़े परीक्षण के लिए भारत के औषधि महानियंत्रक को भी औपचारिक रूप से आवेदन भेजा जाएगा और उनकी स्वीकृति जरूरी होगी। सभी स्तरों पर मंजूरी मिलने के बाद किसी बड़े अस्पताल के साथ एमओयू कर वास्तविक मरीजों पर इस स्मार्ट कोट की प्रभावशीलता और सटीकता को लेकर आगे की रिसर्च शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

## सिटी इवेंट

### पांचाल सुतार समाज ने किया मंदिर निर्माण, हुई प्राण-प्रतिष्ठा



**भिलाई।** महाराष्ट्रीय मय पांचाल सुतार समाज का ग्राम महमरा में भगवान विश्वकर्मा के भव्य मंदिर निर्माण व प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर काफी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे। मंदिर में भगवान विश्वकर्मा, गणेश, शिवलिंग और बजरंग बली की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा की गई। प्राण-प्रतिष्ठा में सम्मिलित यजमान रूप में मृणाली मनोज पात्रेकर, शीतल सतीश कामीनकर, सचिन माधुरी वड़तकर, कीर्ती आदित्य इंगलकर, दिपाली मिलिंद राजुरकर द्वारा गायत्री परिवार के पंडितों ने मंत्रों उच्चारण कर प्राण-प्रतिष्ठा को संपन्न कराया। मंदिर निर्माण में समाज के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन में भाग लेने वाले महाराष्ट्र, नागपुर के विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष विशंणुपंत मोरेकर, पंडित देविकार, वासुदेव राव बालापुरे, महादेवराव सावरकर, पांडुरंग राउत, रामहरी मुरेकर, बबनराव पांढुरकर, विजयराव शिरपुरकर, येलकर, मधुकर राव खंडालकर, भवराव पुस्तकर, महादेवराव अंबालकर उपस्थित रहे। इस आयोजन में ग्राम महमरा गांव के लोगों का भी विशेष सहयोग रहा। प्रभाकर वानखडे, गंगाधर इंगलकर, सुरपैठणकर, रमेश बोरेकर, योगेश सावरकर, दत्ता भोंदेकर, बबनराव अटनेरकर, बबनराव आस्टकर, मनीष वाठोडकर, मनीष खानजोड़े, अरुण खरालकर, प्रमोद खरालकर, अविनाश खरालकर, प्रदीप खरालकर, आनंद खरालकर, राजेश वानखेड़े दत्ता भालेकर, अनिल खरालकर, मधुकर बानोकर, पुरषोत्तम चांदुरकर सहित महासचिव अशोक खरालकर और समाज के सभी सदस्यों कि उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान समाज कि महिला शाखाओं ने एक दूसरे को हल्दी-कुमकुम कर वान देकर आर्शिवाद लिया।



## भिलाई कन्नड़ बड़गा बेंगलुरु के सालाना मिलन समारोह में जुटे भिलाई के लोग

# भिलाई के कन्नड़ भाषियों ने बेंगलुरु में किया मंच साझा लौटे भिलाई के पुराने दिन, वरिष्ठों का किया सम्मान

भिलाई। भिलाई कन्नड़ बड़गा बेंगलुरु संस्था के बैनर तले भिलाई वासियों ने 34वां सालाना मिलन समारोह कम्युनिटी हॉल, सेवा पार्क, उत्तरहल्ली, बेंगलुरु में मनाया। आयोजन के माध्यम से भिलाई के कन्नड़ भाषियों को एक मंच पर लाया गया। इस दौरान सभी लोगों ने मिलकर भिलाई में बिताए सुनहरे दिनों की अपनी प्यारी यादें अपने पुराने दोस्तों और परिवारों के साथ साझा किया। कर्नाटक के विभिन्न हिस्सों से 5-6 दशक पहले आकर भिलाई स्टील प्लांट में अपनी सेवा देने वाले ज्यादातर कर्मी व परिवार सेवानिवृत्ति के बाद अपने गृहग्राम लौट चुके हैं लेकिन भिलाई को बनाने वाली इस पहली पीढ़ी ने अपनी कर्मभूमि को कभी नहीं भुलाया। अपने कर्मक्षेत्र भिलाई को याद करते हुए कन्नड़भाषी विगत 34 वर्ष से हर साल बेंगलुरु में जुटते हैं।





### मनोरंजक खेलों में लिया हिस्सा, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

समारोह का उद्घाटन बीएसपी के मुख्य नगर प्रशासक रहे टीआर वेंकटेशन और भुवना चंद्रशेखर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान हाल के वर्षों में दिवंगत हुए सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। मुख्य अतिथि टी आर वेंकटेशन ने अपने विचार रखे। एमएस चंद्रशेखर और महेश कृष्ण मूर्ति ने कन्नड़ संघ भिलाई की स्थापना और शुरुआती दौर तथा अब तक की यात्रा पर बातें रखीं। वहीं उपस्थित अन्य सदस्यों ने भी भिलाई के अपने दिनों को याद किया। उत्साही सदस्यों ने इस मौके पर आयोजित अलग-अलग मनोरंजक खेलों में हिस्सा लिया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। आयोजन में हर सदस्य को एक नया साल का कन्नड़ कैलेंडर दिया गया। एचआर श्रीनाथ, एस लोकेश, बीके श्रीवत्स, एच एस रामचंद्र, एम डी सिद्दप्पा, सत्यनारायण, ए एस केशवा मूर्ति, महेश कृष्णमूर्ति , एम एस चंद्रशेखर , एलसी शीला, सुजीवी श्रीनाथ, श्रीकरा, मंजूनाथ और रेखा महेश कृष्णमूर्ति सहित सभी लोगों ने भिलाई में बिताए अपने दिनों को याद किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन पद्मजा मंजूनाथ ने किया।



### सम्मानित की गईं भिलाई की कई प्रतिभाएं

इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक उम्र की भिलाई की कन्नड़ प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इनमें वरिष्ठ कार्टूनिस्ट बीवी पांडुरंगा राव को मिली अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। डीएनडब्ल्यू में सेवारत रहे स्व. भंडारी की पत्नी लेखा भंडारी और बीएसपी शिक्षा और परचेस विभाग में रहे एचएन मुरलीधर राव का सम्मान वरिष्ठ नागरिक के तौर पर किया गया। वहीं सीआरएम में पदस्थ रहे एल चिदंबरम के पुत्र सीएम राव का सम्मान बेंगलुरु में ओल्ड एज होम की सेवाओं के लिए किया गया। इसी तरह रोलिंग मिल में पदस्थ रहे स्व. मल्लप्पा की पत्नी विमला मल्लप्पा का सम्मान साहित्य के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए किया गया।

## हिंदी कविता प्रतियोगिता

### भिलाईवासियों ने अमेरिका में फहराया हिंदी का परचम, कविताओं से दर्शाया भाषा प्रेम



**भिलाई।** हिंदी भाषा को अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर और ज्यादा प्रसारित करने में उल्लेखनीय कार्य कर रही अमेरिका की संस्था हिंदी-यूएसए सेंट लुईस की ओर से हाल ही में 8वीं वार्षिक हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी सेंटर, सेंट लुईस, मिसूरी में हुई इस प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि इससे भारत सहित अन्य देशों के लोग भी निर्णायक व प्रेक्षक के तौर पर ऑन लाइन जुड़े। इस पूरे आयोजन में अमेरिका में निवासरत भिलाई के मयंक जैन-अंशु जैन दंपति की प्रमुख भूमिका रही।

प्रतियोगिता में विभिन्नस्तरों से 130 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 25 विद्यार्थियों को उनके हिंदी शिक्षण स्तर पर विजेता और 27 अन्य बच्चों को उभरते सितारे के रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संस्थापक भिलाई निवासी मयंक-अंशु जैन दंपति के स्वागत उद्बोधन से हुई। जिसके बाद भारत और अमेरिका के राष्ट्रगान प्रस्तुत किए गए। अगले चरण में समाजसेवी अशोक कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अमेरिका के मिसौरी राज्य के कोषाध्यक्ष विवेक मलिक की उपस्थिति रही। मलिक यहां मिसौरी में किसी भी राज्य स्तरीय पद पर नियुक्त होने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी हैं। वहीं शिकागो से पहुंची शिखा मेहता ने निर्णायक के रुप में शामिल हुई। शिखा वर्तमान में हिन्दी क्लब ऑफ़ इलिनॉय की सह-सचिव महिला काव्य मंच शिकागो की कार्यकारी उपाध्यक्ष हैं। इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन जूम के माध्यम से भारत से जुड़े अतिथियों में दिल्ली से विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. बिपिन कुमार और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी.पी. मिश्रा सहित मु ज़ाकिर हुसैन, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), भोपाल में विज्ञान विभाग के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, डीन पी के पुरोहित, दिल्ली विश्वविद्यालय से हिंदी के शोधार्थी और युवा कवि कौशल गोंडवी की उपस्थिति रही।

अन्य विशिष्ट अतिथियों में गिल्बर्ट पनेला डायरेक्टर, न्यू अमेरिकन्स – सेंट लुईस मेयर कार्यालय, दयाकर वीरलापति, सीईओ एस 2 टेक, हिंदू स्वयंसेवक संघ, सेंट लुईस शाखा के अध्यक्ष शिवा सीतारमन, सेंट लुईस भारतीय संस्कृति संस्था के अध्यक्ष शशिकांत गजराज एवं समाज सेवी वैशाली ठाकरे भी शामिल हुई। सेंट लुईस समुदाय से पूर्व हिंदी यूएसए शिक्षिका ऋतु महेश्वरी एवं अमेरिका के फेडरल रिज़र्व बैंक में कार्यरत फाल्गुन एच. दवे ने निर्णायक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मयंक जैन ने प्रतिभागियों, विजेताओं एवं 'उभरते सितारे' पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी समर्पित शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों के अथक प्रयासों और निस्वार्थ सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। हिंदी यूएसए कविता प्रतियोगिता का संचालन सुची खंडेलवाल, नम्रता त्रिपाठी, वंदना सिंह एवं निधि चौधरी ने किया।

## संजय रुंगटा इंस्टीट्यूशंस में आयोजन

### लाइव बैंड 6 को, 5 को आएंगी पॉप सिंगर ध्वनि भानुशाली



**भिलाई।** संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस भिलाई के अंतर्गत आरएसआर रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च, रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च, रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट और रूंगटा प्राइवेट आईटीआई के छात्रों के लिए एक इंटर कॉलेज वार्षिक उत्सव सह प्रतियोगिता कार्निवाल 2026 का आयोजन 5 से 7 फरवरी को किया जाएगा।

आयोजन की जानकारी देते हुए संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस भिलाई के चेयरमैन संजय रूंगटा ने बताया कि इंडियन पॉपुलर पॉप सिंगर, एक्ट्रेस और यूथ आइकॉन ध्वनि भानुशाली का लाइव इन कॉन्सर्ट 5 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, जो कि बॉलीवुड गानों को इंडिपेंडेंट पॉप के साथ मिलाकर गाती हैं, अपनी आकर्षक धुनों और कई वायरल गानों के साथ खुद को एक बहुमुखी कलाकार के रूप में स्थापित कर चुकी हैं। जिसको सुनने के लिए स्टूडेंट उत्साहित है। साथ ही 6 फरवरी को मुंबई का लाइव बैंड शाम 7 बजे से होगा।

**इंटर कॉलेज वार्षिक उत्सव 5 से**

संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस भिलाई के डायरेक्टर डॉ. साकेत रूंगटा ने बताया कि हर साल होने वाले कार्निवाल 2026 में खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें क्रिकेट, वॉलीबॉल, थ्रोबॉल, कबड्डी, रस्साकशी, आर्म रेसलिंग, ग्रुप एंड सोलो डांस, बैटल ऑफ डांस, अंताक्षरी, मास्टर शेफ, थिएटर सहित, रील्स, फोटोग्राफी और भी बहुत कुछ प्रतियोगिताओं का समावेश किया गया है। कार्निवाल में 8 हजार से भी ज्यादा विद्यार्थी इस कार्यक्रम का आनंद लेंगे। चेयरमैन संजय रूंगटा और डायरेक्टर डॉ. साकेत रूंगटा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की ऐसे इवेंट से स्टूडेंट्स में ऊर्जा का संचार होता है और वह बेहतर तरीके से अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ पाते हैं। कार्निवाल का समापन 7 फरवरी को होगा जिसमे कई आकर्षक प्रस्तुतियों दी जायेगी और पुरस्कार वितरण भी होगा।

## धर्म लाइव

### केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई




**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के विद्यालय परिसर में प्राचार्य उमाशंकर मिश्र के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कलर पार्टी द्वारा एस्कॉर्ट, नियमित प्रार्थना सभा, प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा हरित स्वागत तथा विद्यार्थियों अविनाश एवं अनन्या दुबे द्वारा भावाभिव्यक्ति प्रस्तुत की गई। जिसका संचालन पुरुषोत्तम साहू द्वारा किया गया। इस दौरान शिक्षक डॉ. अजय आर्य ने संस्कृत श्लोकों से हिंदी काव्यानुवाद सहित प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रावणी सिंह के नेतृत्व में बच्चों द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य उमा शंकर मिश्र ने कहा कि व्यक्ति अपने कार्यों को समर्पण और ईमानदारी से करता है, तभी उसकी ब्रांड वैल्यू स्वतः बढ़ती है। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इसी क्रम में नीता दास, प्रधान अध्यापक कमल सोनी, एस.वी.एस. गायत्री, प्रणव सोनी, पुष्पा बड़ा, सहायक आयुक्त विवेक चौहान, रविंद्र कुमार सहित अतिथि प्राचार्यों ने भी अपने संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम में श्रावणी सिंह ने गीतों की प्रस्तुति दी। उषा शर्मा द्वारा स्मृति-चिह्न, बिंदु शिवराजन और नीता दास द्वारा मान-पत्र प्रदान किया गया। अंत में प्राचार्य ने सभी को आशीर्वचन देते हुए विदाई गीत चलते-चलते कभी अलविदा न कहना,,, गीत गा कर वातावरण को भावुक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन एम.के. बोरकर ने किया। संजय भदोरिया द्वारा उमा शंकर मिश्र के जीवन व कार्यों पर आधारित शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय रायपुर के प्राचार्य अशोक चंद्राकर उपस्थित रहे। सेवानिवृत्ति समारोह में 31 वर्ष पुराने बैचमेट्स की भी उपस्थिति रही। शिक्षक अमरनाथ सिंह, एस.के. वर्मा, एम.ए. नंदनवार, तीज़राम चौहान सहित अन्य साथी उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 रायपुर, केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव, केंद्रीय विद्यालय सीआईएसएफ तथा अन्य केंद्रीय विद्यालयों के माननीय प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

■ व्यक्ति अपने कार्य के प्रति समर्पण से ही अपनी पहचान बनाता है : उमाशंकर मिश्र



## मंदिर के वार्षिक महोत्सव में नई शुरुआत, तीन दिवसीय आयोजन में जुटे भक्त

# श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुला लंगूरवीर मंदिर का गर्भगृह, भजन और सांस्कृतिक आयोजनों ने बांधा समां

कार्नर न्यूज

दुर्ग। दुर्ग जिले के अति प्राचीन भगवान लंगूरवीर मंदिर के वार्षिक महोत्सव और मंडई मेला में श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे और धार्मिक कार्यक्रमों में पूरे श्रद्धा व आस्था के साथ शामिल होकर मंडई मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया। भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर पब्लिक ट्रस्ट द्वारा आयोजित यह वार्षिक महोत्सव कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। इस दिन से मंदिर में भगवान लंगूरवीर के दर्शन के लिए गर्भगृह खोल दिए गए है। अब आम श्रद्धालु भी गर्भगृह में प्रवेश कर भगवान लंगूरवीर के दर्शन कर सकेगा, वहीं लंगूरवीर की आरती (गीत) रिलीज और कलयुग का महामंत्र रामलेखन महायज्ञ की शुरुआत की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत और भजनों की प्रस्तुति ने आयोजन में श्रद्धालुओं में उत्साह भर दिया। जिससे यह वार्षिक महोत्सव व मंडई मेला का आयोजन यादगार बन गया। इस अवसर पर अतिथि के रुप में शामिल समाजसेवी डॉ. मानसी गुलाटी, निगम एमआईसी सदस्य हर्षिका संभव जैन,ज्ञानेश्वर ताम्रकार और अन्य अतिथियों ने पूरे आयोजन की सराहना की और धार्मिक व सांस्कृतिक परम्पराओं को जीवंत रखने ऐसे आयोजनों पर बल दिया गया।



### प्रसिद्ध गायक कांतिकार्तिक ने दी मनमोहक गानों की प्रस्तुति

भगवान लंगूरवीर की आरती (गीत) को स्वर देने वाले प्रसिद्ध गायक कांतिकार्तिक यादव द्वारा आरती (गीत) रिलीज किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में लोक कलाकार जितेंद्र साहू कृत सोनहा बादर, प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायक सुनील सोनी, भजन गायक लीलाधर चतुर्वेदी सूरदास, प्रसिद्ध गायक नीलकमल वैष्णव, भजन गायक खिलेश यादव, प्रसिद्ध बांसुरी वादक ओपी देवांगन ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। गीत-संगीत में श्रद्धालुओं ने नाच-गाकर अपनी श्रद्धा भक्ति प्रकट की। भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर का वार्षिक महोत्सव और दुर्ग मंडई मेला की शुरुआत सुबह 7 बजे भगवान श्री लंगूरवीर के महाअभिषेक और पूजा अर्चना के साथ हुई।



### मंडई-मेला में दिखी परंपरा रोमांचित किया झूलों ने

पूजा अर्चना की यह प्रक्रिया मंदिर के पंडित खेमंत प्रसाद तिवारी के सानिध्य में पूरी की गई। इसके अलावा सुबह से लेकर शाम तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। मंडई मेला में श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए खाद्य सामग्रियां, खिलौने व अन्य सामग्रियों के स्टाल आकर्षण का केन्द्र रहे। रोमांचकारी झूलों का बच्चों ने जमकर आनंद उठाया। मंचीय कार्यक्रम का संचालन भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार दुर्ग पब्लिक ट्रस्ट के अध्यक्ष मानव सोनकर और आभार प्रदर्शन सचिव रविशंकर ढीमर ने किया। इस अवसर पर पब्लिक ट्रस्ट के दीपप्रकाश गुप्ता, आनंददेव ताम्रकार, आशीष शर्मा, राहूल सोनकर, सूरज सोनकर, शिखर गुप्ता, लक्की सार्वा, नानकराव सोनकर,नरेन्द्र सोनकर के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### 7वीं पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी: छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का पंजाब में डंका, महिला टीम ने जीता गोल्ड; कुल 11 मेडल पर कब्जा

**रायपुर।** पंजाब में आयोजित 7वीं पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। प्रदेश की 18 सदस्यीय टीम ने कोच मनमोहन पटेल के नेतृत्व में कुल 11 मेडल जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में 1 और 2 फरवरी 2026 को हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों की झड़ी लगा दी।महिला टीम ने राजस्थान को हराकर जीता गोल्ड सोमवार, 2 फरवरी 2026 को खेले गए महिला टीम स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ की चंचल सोनी और श्यामकुमारी की जोड़ी ने शानदार खेल दिखाते हुए राजस्थान को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। चंचल सोनी ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी जीते पदक कु. चंचल सोनी ने न केवल टीम इवेंट में बल्कि व्यक्तिगत स्पर्धा में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

1 फरवरी: 50 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक और 30 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त किया।

2 फरवरी: ओलंपिक राउंड में रजत पदक हासिल किया। हरिओम और मिक्स टीम को कांस्य पुरुष वर्ग में हरिओम शर्मा ने 30 मीटर स्पर्धा में सटीक निशाना साधते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं, मिक्स टीम स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की टीम ने तमिलनाडु को मात देकर कांस्य पदक प्राप्त किया।

इस अवसर पर कैलाश मुरारका, रामलखन जी, अरोरा जी और आयुष मुरारका ने सभी विजेता खिलाड़ियों और कोच को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### छत्तीसगढ़ ने 7 विकेट से जीता मैच, साहिल और राहुल ने खेली अर्धशतकिय पारी



**रायपुर।** चंडीगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 101.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 417 रन बनाए। चंडीगढ़ की ओर से दुष्यंत ने 116 रन बनाए, कप्तान आरुश भंडारी ने 105 रनों का योगदान दिया तथा अधिराज ने 102 रन बनाए। छत्तीसगढ़ अंडर-23 टीम की ओर से वासुदेव बरेथ, प्रशांत सांई पैंकरा तथा दीपक यादव ने 3-3 विकेट प्राप्त किए। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 92.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 383 रन बनाए। छत्तीसगढ़ की ओर से शोभित शर्मा ने 97 रन तथा हर्ष साहू ने 88 रन बनाए। उनके अतिरिक्त साहिल रजत शरीफ ने 50 रन तथा राहुल प्रधान ने 52 रन बनाए। चंडीगढ़ की ओर से जसकिरत सिंह ने 4 विकेट तथा आर्यन दुग्गल ने 2 विकेट प्राप्त किए। चंडीगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 45.4 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 143 रन ही बनाए। चंडीगढ़ की ओर से अर्नव बंसल ने 41 रन तथा देवांग कौशिक ने 34 रन बनाए। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से वरुण सिंह भुई ने 6 विकेट तथा वासुदेव बरेथ ने 3 विकेट चटकाए।178 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 43.1 ओवरों में 3 विकेट खोकर 180 रन बनाकर मैच 7 विकेट से जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से साहिल रजत शरीफ ने नाबाद 64 रन तथा राहुल प्रधान ने नाबाद 61 रन बनाए। चंडीगढ़ की ओर से जसकिरत सिंह ने 3 विकेट लिए।

## हर वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है विश्व कैंसर दिवस

# सर्वाइकल कैंसर को लेकर जागरुकता बढ़ी लेकिन जरूरी उपाय अपनाने से महिलाएं अभी भी हैं पीछे

सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, लेकिन कुछ प्रोएक्टिव उपायों से इस कैंसर को होने से रोका जा सकता है। इसलिए इन जरूरी उपायों को फॉलो करें और स्वास्थ्य में सुधार करें। रविवार, 4 फ़रवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है और इस दिवस को देखते हुए कैंसर जैसे विषय पर जागरुकता बेहद जरूरी है। सर्वाइकल कैंसर वह कैंसर है, जो महिला के सर्विक्स सेल्स में विकसित होता है। यह यूट्रस का निचला हिस्सा है, जो वेजाइना से जुड़ता है। इस कैंसर को कुछ लोग बच्चेदानी के मुंह के कैंसर के रूप में भी जानते हैं। ज्यादातर सर्वाइकल कैंसर एक स्पेशल तरह के एचपीवी, सेक्सुअली ट्रांसमिटेड इंफेक्शन के कारण होते हैं। कैंसर का यह रूप भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर महिलाओं के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करके इस कैंसर को खुद से दूर रखा जा सकता है। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के अचूक उपायों के बारे में मेडिकवर अस्पताल, नवी मुंबई की सीनियर कंसलटेंट ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी, लेप्रोस्कोपी एंड इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट, डॉक्टर कल्पना गुप्ता बता रही हैं।



### रेगुलर स्क्रीनिंग है जरूरी

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 20 साल से ज्यादा उम्र की सभी लड़कियों और महिलाओं को रेगुलर स्क्रीनिंग और वैक्सीनेशन कराना चाहिए। एचपीवी वैक्सीनेशन सर्वाइकल कैंसर से बचाता है। रेगुलर पैप स्मीयर से सर्विक्स में किसी भी असामान्य बदलाव का शुरू में ही पता लगाया जा सकता है, जिससे जल्द से जल्द ट्रीटमेंट शुरू हो सकता है।

### सेफ सेक्सुअल रिलेशनशिप

सर्वाइकल कैंसर से जुड़े एचपीवी और अन्य एसटीडी से बचना चाहते हैं, तो एक ही पार्टनर के साथ सेक्सुअल रिलेशन रखें। इसके अलावा, सेफ सेक्स के लिए कंडोम जैसे उपायों का इस्तेमाल करें।




### हेल्दी डाइट

फल, सब्जियों और साबुत अनाज जरूरी विटामिन्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। ये इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं, जो एचपीवी जैसे इंफेक्शन से लड़ने के लिए जरूरी है।

### स्मोकिंग न करें

क्या आप जानते हैं कि स्मोकिंग छोड़कर भी सर्वाइकल कैंसर के विकास को रोका जा सकता है। इससे आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है और अन्य कैंसर के होने की संभावना भी कम होती है।

### अल्कोहल का सेवन कम करें

ज्यादा अल्कोहल लेने से सर्वाइकल कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए अल्कोहल का सेवन कम या बिल्कुल न करें। इन बदलावों को डेली रूटीन में शामिल करने से सर्वाइकल कैंसर का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है।

### वजन को कंट्रोल में रखें



मोटापे अन्य हेल्थ प्रॉब्लम्स के साथ-साथ सर्वाइकल कैंसर होने के खतरे को भी बढ़ा सकता है। इसलिए, बैलेंस डाइट और रेगुलर एक्सरसाइज की मदद से अपने वजन को कंट्रोल में रखें।

### तनाव कम करें

योग और मेडिटेशन जैसी तकनीकों को अपनाकर तनाव को कम करें। लंबे समय तक तनाव इम्यूनिटी को कमजोर कर देता है, जिससे शरीर बीमारी के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो जाता है। लेकिन योग और मेडिटेशन जैसी एक्टिविटी इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है।

# फायदे के लिए खाते हैं दलिया तो इसके नुकसान भी जान लीजिए

अगर आप भी हेल्दी मील मानकर दलिया का अधिक से अधिक सेवन कर रहे हैं तो आपको इससे होने वाले नुकसान के बारे में भी जान लेना चाहिए। नोएडा के जनरल फिजिशियन डॉ. सुजीत बरनवाल बताते हैं कि दलिया में कई तरह के विटामिन और खनिज तत्वों के साथ ही हाई फाइबर पाए जाते हैं, जिसके चलते ये सेहत के लिए लाभकारी मानी जाती है। पर इसमें मौजूद हाई फाइबर के कारण इसका अधिक सेवन नुकसानदेह साबित हो सकता है।



### पेट की समस्याएं

डॉ. सुजीत बरनवाल के अनुसार, दलिया के अधिक सेवन करने से पेट में गैस, दर्द और ऐंठन की समस्या हो सकती है। ऐसे में जिस लोगों को पेट की समस्याएं होती हैं, उनके लिए दलिया का अधिक सेवन हानिकारक साबित हो सकती है। इसके कारण आंत में सूजन की समस्या हो सकती है।

### किडनी संबंधी रोग

दलिया में फास्फोरस जैसा खनिज तत्व काफी अधिक मात्रा में पाया जाता है, जो किडनी की सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। ऐसे में जिन लोगों को किडनी संबंधी समस्या है उन्हे दलिया का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

### शरीर में सूजन

हाई फाइबर की मौजूदगी के कारण दलिया के अधिक सेवन से शरीर में सूजन की समस्या हो सकती है। इसके अलावा आवश्यकता से अधिक दलिया खाने से दस्त और उल्टी जैसी दिक्कतें भी पेश आ सकती हैं। इसलिए इनसे बचने के लिए जरूरी है कि दलिया का सेवन सीमित मात्रा में किया जाए।

हमारे हेल्थ एक्सपर्ट सुजीत बरनवाल बताते हैं कि हर रोज 85 से 200 ग्राम के लगभग दलिया का सेवन किया जा सकता है। हालांकि व्यक्ति विशेष की शारीरिक परिस्थिति के अनुसार इसकी मात्रा अलग हो सकती है, जिसके बार में उचित सलाह डॉक्टर शारीरिक परिक्षण के आधार पर दे सकते हैं। इसलिए अगर आपको किसी तरह की शारीरिक समस्या है तो आप इस बारे चिकित्सकीय सलाह ले सकते हैं। वहीं दलिया खाने से होने वाले नुकसान से बचने के लिए जरूरी है कि इसके दिन के मुख्य भोजन में शामिल करने के बजाय सुबह के नाश्ते में इसका सेवन करें। इससे दलिया का पूरा पोषण शरीर को मिलेगा, साथ इसका दुष्प्रभाव भी कम होगा।

# बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने की सही दिशा का रखें ध्यान

पंचांग के अनुसार माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के दिन बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष 2 फरवरी और 3 फरवरी को बसंत पंचमी मनाई जा रही है। अब ऐसे में वास्तु के हिसाब से मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने का सही नियम क्या है, आपको जानकारी होनी चाहिए।



### बसंत पंचमी के दिन वास्तु के हिसाब से स्थापित करें मां सरस्वती की प्रतिमा

वास्तु शास्त्र के अनुसार, बसंत पंचमी के दिन माता सरस्वती की मूर्ति को पूर्व दिशा में स्थापित करना चाहिए। यह दिशा सूर्योदय की दिशा होती है, और इस दिशा में माता की मूर्ति स्थापित करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इस दिशा में माता की मूर्ति स्थापित करके पूजन करने से बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होती है।

मां सरस्वती की प्रतिमा को हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा में स्थापित करना चाहिए। इन दिशाओं को ज्ञान और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। प्रतिमा को हमेशा एक साफ और पवित्र स्थान पर स्थापित करना चाहिए। उस स्थान को गंगाजल से शुद्ध कर लेना चाहिए। मां सरस्वती की प्रतिमा हमेशा शांत और सौम्य मुद्रा में होनी चाहिए। उनकी वीणा और पुस्तक उनके ज्ञान और कला का प्रतीक हैं।

मां सरस्वती को पीले रंग के वस्त्र अर्पित करना चाहिए। पीला रंग ज्ञान और समृद्धि का प्रतीक है। मां सरस्वती की प्रतिमा की नियमित रूप से पूजा करनी चाहिए। उन्हें फूल, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करना चाहिए। मां सरस्वती की प्रतिमा को कभी भी अकेले नहीं रखना चाहिए। उनके साथ लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमा भी रखनी चाहिए।

# एसईसीएल छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप से 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सीज़न की शुरुआत

**रायपुर।** डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई) और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव द्वारा पिछले महीने संयुक्त रूप से लॉन्च की गई एसईसीएल छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 3 से 6 फरवरी तक नया रायपुर स्थित भव्य फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिज़ॉर्ट में किया जाएगा। यह टूर्नामेंट 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सीज़न का उद्घाटन टूर्नामेंट है।

पिछले वर्ष पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता की इनामी राशि 1 करोड़ रुपये थी, जिसे इस वर्ष बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये कर दिया गया है। टूर्नामेंट सप्ताह की शुरुआत 1 फरवरी को प्रो-एम इवेंट के साथ हो चुकी है। इस टूर्नामेंट के टाइटल पार्टनर एसईसीएल हैं, जबकि एनटीपीसी, एनएमडीसी और नया रायपुर इवेंट पार्टनर हैं। फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिज़ॉर्ट, नया रायपुर इस आयोजन का मेज़बान स्थल है।

टूर्नामेंट में 126 पेशेवर गोल्फ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता स्ट्रोक-प्ले फॉर्मेट में चार राउंड (प्रत्येक 18 होल) में खेली जाएगी। दो राउंड के बाद शीर्ष 50 खिलाड़ी और टाई करने वाले खिलाड़ी कट में प्रवेश करेंगे।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख भारतीय खिलाड़ियों में वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान, मनु गंडास, अंगद चीमा और अर्जुन प्रसाद शामिल हैं। इसके अलावा नौ देशों से 16 विदेशी पेशेवर खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।

पिछले सप्ताह पीजीटीआई ने डीपी वर्ल्ड के साथ एक ऐतिहासिक बहु-वर्षीय साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत वैश्विक लॉजिस्टिक्स कंपनी डीपी वर्ल्ड भारत के प्रमुख प्रोफेशनल गोल्फ टूर की टाइटल पार्टनर और ऑफिशियल अम्ब्रेला पार्टनर बनी है।

- 3 फरवरी से नया रायपुर के फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिज़ॉर्ट में पीजीटीआई सीज़न-ओपनर
- इनामी राशि बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये की गई

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव ने कहा, पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप की पहली कड़ी की शानदार सफलता के बाद, दूसरे संस्करण का आयोजन हमारी सरकार की गोल्फ खेल को बढ़ावा देने और छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय खेल आयोजनों के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐसे टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि पर्यटन, युवा सहभागिता और राज्य के समग्र विकास में भी योगदान देते हैं। इस तरह के प्रतिष्ठित आयोजन छत्तीसगढ़ की विश्वस्तरीय सुविधाओं, संगठनात्मक क्षमता और बढ़ती खेल संस्कृति को प्रदर्शित करते हैं।

पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव ने कहा - छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के पहले संस्करण की सफलता ने राज्य में प्रोफेशनल गोल्फ के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाया। हमें उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव, छत्तीसगढ़ सरकार और स्थानीय सहयोगियों के निरंतर समर्थन से दूसरे संस्करण के लिए लौटकर खुशी हो रही है। ऐसे टूर्नामेंट हमारे पेशेवर खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक अवसर प्रदान करने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ जैसे उभरते गोल्फिंग गंतव्यों में खेल के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

पीजीटीआई के सीईओ अमनदीप जोहल ने कहा, पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में पीजीटीआई के पहले सफल आयोजन के बाद, छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप पीजीटीआई कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बन चुकी है। दूसरा संस्करण देशभर में गोल्फ को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है, विशेष रूप से पारंपरिक केंद्रों से बाहर टियर-2 और टियर-3 शहरों में, जो प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के विज़न के अनुरूप है। इनामी राशि में 50% की वृद्धि कर इसे 1.5 करोड़ रुपये किया गया है, जिसमें विजेता को 22.5 लाख रुपए मिलेंगे, जो 2026 पीजीटीआई सीज़न की एक आदर्श शुरुआत है।

### गोल्फ कोर्स 450 एकड़ की झांझ झील के किनारे

फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिज़ॉर्ट, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ की नव-नियोजित राजधानी नवा रायपुर में स्थित है। यह गोल्फ कोर्स 450 एकड़ की झांझ झील के किनारे और लगभग 500 एकड़ के जंगल से घिरा हुआ है। इस कोर्स का पार 69 है। यह मध्य भारत का पहला 18-होल गोल्फ कोर्स है, जिसे ऑस्ट्रेलिया की पैसिफिक कोस्ट डिज़ाइन द्वारा डिज़ाइन किया गया है। पानी, बंकर और जोखिम-इनाम (रिस्क/रिवार्ड) वाले तत्वों के साथ यह कोर्स खिलाड़ियों के कौशल की सच्ची परीक्षा लेता है।

### बच्चे को है हकलाने की समस्या तो न करें नजरअंदाज, नहीं तो पछताएंगे

इस आदत को रोकने के लिए आपको शुरू से ही एहतियात बरतने की जरूरत है। अगर आपका भी बच्चा बात करने के दौरान हकलाता है तो आपको अपने बच्चे में यह समस्या दिखे तो तुरंत डॉक्टर के पास जाकर बच्चे को दिखाना चाहिए। सही समय पर इलाज कराने से यह समस्या खत्म भी हो जाती है। बचपन में बच्चों के हकलाने या तुतलाने की समस्या बहुत ही सामान्य है।

**क्यों हकलाते हैं बच्चे** : सही से शब्द न बोले पाना- हकलाने की समस्या बच्चों में तब होती है, जब वह किसी शब्द को ठीक से नहीं बोल पाते हैं।मानसिक तनाव- कभी -कभी यह समस्या बच्चों में मानसिक तनाव के कारण भी होता है। तांत्रिक यंत्र की दिक्कत- अगर बच्चे के तांत्रिक यंत्र में कोई समस्या होती है तो भी उन्हें हकलाने की समस्या होने लगती है।

**क्या है हकलाने के लक्षण** : बार-बार शब्दों को दोहराना: हकलाने की समस्या में बच्चा शब्दों को दोहराता है और उन्हें ठीक से नहीं बोल पाता है। बात पूरी नहीं कर पाना: आपका बच्चा पात पूरी नहीं कर पाता या फिर वाक्यों को अधूरा छोड़ देता है। बोलने में झिझक: बच्चा लोगों के सामने बोलने में झिझकता है या फिर रुक-रुक कर बोलता है।

**क्या है इसका इलाज** : डॉक्टर से कराएं जांच। अगर आपका भी बच्चा हकलाता है तो इसे बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। इसके साथ ही तुरंत इसका इलाज भी शुरू करा दें।

**स्पीक थैरेपिस्ट में मिलें** : हकलाने के समस्या से निजात पाने के लिए बच्चे से बोलने की एक्सरसाइज करवानी चाहिए। साथ ही लगभग रोज एक स्क्रिप्ट पढ़वानी चाहिए।

## कार्नर न्यूज

## डिजीटल युग में धोखाधड़ी से बचने समझदारी ही है उपाय

# यूपीआई एप का इस्तेमाल करने वाले हो जाएं सावधान इन गलतियों के कारण हो सकती है आपसे धोखाधड़ी

कई ऐसे लोग हैं, जो गलतियां कर देते हैं और फ्रॉड के शिकार हो जाते हैं। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरुरी है। तो चलिए जानते हैं किन टिप्स को फॉलो कर आप बच सकते हैं। आज इस डिजिटल युग में काम जितने आसान हो गए हैं, उतने ही फ्रॉड के मामले भी आए दिन देखे जाते हैं। ऐसे में आज हम बात कर रहे हैं- ऑनलाइन ट्रांजक्शन की। दरअसल, आजकल लगभग सभी कैश का इस्तेमाल कम और ऑनलाइन पेमेंट ज्यादा करते हैं। एक रुपये हो या फिर एक हजार करीब सारे लोग अब यूपीआई को यूज करना ज्यादा पसंद करते हैं। पर, इन सबके बीच कई ऐसी गलतियां हैं, जो लोग कर देते हैं और इससे फ्रॉड के शिकार हो जाते हैं। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरुरी है। तो चलिए जानते हैं किन टिप्स को फॉलो कर आप बच सकते हैं।



### किसी भी लिंक पर क्लिक करने से बचें


लोग सबसे ज्यादा गलतियां किसी भी लिंक पर क्लिक करके करते हैं। ऐसे फ्रॉड लिंक्स आपको कई बार अपने फोन पर दिखा होगा, जहां बड़ी राशि का इनाम देने का लालच दिया जाता है। लोग इन लुभावने लिंक्स पर फटाफट क्लिक कर लेते हैं। यही नहीं यहां यूपी का पिन भी डाल देते हैं, जिससे धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं। जानकारी के लिए बता दें आपको ऐसे किसी भी अनजाने लिंक पर रिएक्शन देने की जरूरत नहीं है। ऐसे करने पर आपके साथ ठगी होना तय है।

### न बताएं यूपीआई पिन

बैंक की ओर से हमेशा खाता धारकों को अवगत कराया जाता है कि उन्हें यूपीआई पिन कहीं भी शेयर नहीं करना है। इसे सिर्फ तभी इस्तेमाल करें जब आपको कहीं पैसे ट्रांसफर करना हो। कई लोग किसी फोन कॉल से पिन पूछने पर बड़े आसानी से बता देते हैं। जबकि आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। इससे आपको ही नुकसान होगा। आपके बैंक बैलेंस खाली हो सकते हैं। कोशिश करें कि पिन को गोपनीय ही रखें।

### कस्टमर केयर से बात करने से पहले जान लें ये नियम

अगर आपकी यूपीआई एप में किसी को तरह की कोई दिक्कत आ रही है तो आपको अवश्य ही कस्टमर केयर से बात करनी चाहिए। लेकिन ध्यान रहे इसके लिए हमेशा एप के माध्यम से ही कॉन्टैक्ट करें। कई लोग गूगल पर कस्टमर केयर की नंबर सर्च करके निकालते हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। क्योंकि फ्रॉड करने वाले यहां पर भी गलत नंबर अपडेट कर देते हैं और आप इससे फंस सकते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 20 साल बाद फिर साथ दिखीं मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे



हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का पहला ट्रेलर रिलीज हो चुका है। दूसरे पार्ट में भी पुराने किरदारों की वापसी हो रही है। मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे 20 साल बाद इस फिल्म में साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। जानिए, फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के ट्रेलर से जुड़ी खास बातें। फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के ट्रेलर में मेरिल स्ट्रीप का किरदार रनवे मैगजीन की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा के रोल में फिर दिख रही है। ट्रेलर में नजर आता है कि मिरांडा की फैशन मैगजीन खत्म होने के कगार पर बढ़ रही है। ऐसे वक्त में ऐनी हैथवे के किरदार की एंट्री होती है। ऐनी हैथवे का किरदार पहली फिल्म में मिरांडा की मैगजीन में काम करता था। अब क्या वह मिरांडा को मुश्किल वक्त में मदद कर पाएगी या कहानी अलग ही मोड़ लेगी।

फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे के अलावा एमिली ब्लंट, स्टेनली टुकी, ट्रेसी थॉमस और टिबोर फेल्डमैन भी वापसी कर रहे हैं। ये सभी एक्टर्स पहली पार्ट में भी थे। वहीं फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में कुछ नए एक्टर्स भी शामिल हुए हैं। इसमें केनेथ ब्रानघ, पैट्रिक ब्रामल, सिमोन एशले, लूसी लियू, बीजे नोवाक, जस्टिन थेरॉक्स, लेडी गागा और पॉलीन चालमेट के नाम शामिल हैं। वैरायटी की खबर के अनुसार इस फिल्म में एड्रियन ग्रेनियर भी नजर आएंगी। फिल्म के निर्देशक डेविड फ्रैंकल हैं।

### टॉलीवुड

## 1000 करोड़ी फिल्म वाली एक्ट्रेस नयनतारा का जलवा



साउथ फिल्म इंडस्ट्री आज के दौर में काफी ग्रो कर चुकी है और इस इंडस्ट्री के कलाकारों की पूछ अब हर तरफ है। एक्टर्स ही नहीं कई सारी ऐसी अभिनेत्रियां भी रही हैं जिनकी पॉपुलैरिटी पिछले कुछ समय में तेजी से बढ़ी है। इस लिस्ट में समांथा रुथ प्रभु और रश्मिका मंदाना के अलावा अब नयनतारा का नाम भी जुड़ गया है। साल 2026 में साउथ की कई सारी फिल्में पाइपलाइन में हैं। इसमें से कुछ फिल्में तो ऐसी हैं जिनकी रिलीज डेट पहले ही आ चुकी है। वहीं कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जिनकी रिलीज को संभावित बताया जा रहा है। प्रभास, रजनीकांत, यश और रश्मिका मंदाना की फिल्में तो इसमें शामिल हैं साथ ही इस साल नयनतारा की फिल्मों का भी अपकमिंग प्लान तैयार है। ऐसे में आइए जानते हैं कि साउथ और बॉलीवुड की जनता को इंप्रेस करने वाली नयनतारा इस साल कौन सी 5 फिल्मों के जरिए एक साथ आने जा रही हैं। इसमें से कुछ डेट तो ऑफिशियल हो गई है जबकी कुछ की अनाउंसमेंट होनी अभी बाकी है। साल की शुरुआत नयनतारा साउथ मेगास्टार यश की फिल्म टॉक्सिक से करने जा रहे हैं। साउथ एक्ट्रेस नयनतारा काफी समय से फिल्में कर रही हैं लेकिन बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म जवान के बाद से उनकी पॉपुलैरिटी काफी बढ़ गई। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया था। फिल्म में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के सामने नयनतारा एक्शन मोड में नजर आई थीं। फिल्म के बाद से ही जैसे एक्ट्रेस के हाथ जैकपॉट लग गया और अब इस फिल्म की रिलीज के 2 साल में ही उनके पास फिल्मों की भरमार है। इसकी शुरुआत यश की फिल्म टॉक्सिक से होने जा रही है। ये फिल्म 19 मार्च 2026 को रिलीज की जाएगी। यहां इस फिल्म का सामना रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से होने जा रहा है।

### भोजपुरी

## कल्लू का खुला ऐलान आया पोस्टर और छा गया




भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री के चॉकलेटी स्टार अरविंद अकेला कल्लू एक बार फिर अपनी जादुई आवाज से होली पर्व को दुगना करने के लिए तैयार हैं। कल्लू का होली स्पेशल ट्रैक 'देवरवा रेडी बा' के आधिकारिक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। गाने का पोस्टर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। 'देवरवा रेडी बा' होली गाना भोजपुरी सुनने वालों के लिए एक बड़ा तोहफा साबित हो सकता है। अरविंद अकेला कल्लू और भोजपुरी की उभरती हुई टैलेंटेड एक्ट्रेस प्रिया पाठक की जोड़ी रिलीज हुए पोस्टर में जबरदस्त लग रही है। पोस्टर में रंगों से सराबोर दोनों कलाकार एक वाइब्रेंट और एनर्जी वाली केमिस्ट्री शेयर करते नजर आ रहे हैं। होली के इस पोस्टर की थीम पूरी तरह से पारंपरिक और मस्ती भरा है, जो दर्शकों को सीधे गांव की फागुन वाली होली की याद दिलाती है। भोजपुरी होली गाना 'देवरवा रेडी बा' में फैंस के बीच इस नई जोड़ी को साथ देखने के लिए भारी उत्साह नजर है। इस गाने की सबसे बड़ी खासियत इसकी गायकी है। अरविंद अकेला कल्लू के साथ शिल्पी राज ने अपनी आवाज दी है। जब भी ये दोनों दिग्गज सिंगर एक साथ गाते हैं तो रिकॉर्ड्स टूटना तय माना जाता है। इस गाने को गौतम ने लिखा है, उनके शब्द होली की छेड़छाड़ और ठिठोली को बखूबी दर्शाते हैं।

*हो सकता है आप अभी सर्दियों के आराम वाले मूड में हों, लेकिन 2026 के स्प्रिंग/समर ट्रेंड आपके होश उड़ा सकते हैं। अब, डिज़ाइनर अपनी दिशा बदल रहे हैं, नीले रंग के सरप्राइज़िंग शेड्स और कॉस्ट्यूम और थिएटर वाले बैंड जैकेट के साथ अप्रत्याशित तरीकों से सामने आ रहे हैं। दूसरी जगहों पर, चीज़ें टेक्निकल फैब्रिक और सर्फ से मिलते-जुलते शेप के साथ पानी की तरफ जा रही हैं। अब किसी एक ट्रेंड को अपनाना नहीं बल्कि आइडिया का एक मिक्स है जिसे पहना जाना है।*




## चेहरे को चमकाने के काम आती है केसर, जानें इसके इस्तेमाल का सही और आसान तरीका

अक्सर आपने सुना होगा कि शरीर की आंतरिक मजबूती के लिए डॉक्टर्स दूध में केसर डालकर पीने की सलाह देते हैं। बड़ों के साथ-साथ बच्चों के लिए भी केसर काफी फाययदेमंद होता है। जिस तरह से केसर के इस्तेमाल से शरीर तंदरुस्त बनता है, ठीक उसी तरह से चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए भी केसर का इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स की अच्छी मात्रा होती है, जिस वजह से इसके इस्तेमाल से त्वचा पर रैशेज से छुटकारा मिलता है। इसके साथ ही केसर में पाए जाने वाले एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण की वजह से चेहरे पर होने वाली खुजली से राहत मिलती है। वैसे तो आपको बाजार में आसानी से केयर से बने फेसपैक मिल जाएंगे, लेकिन बहुत से लोग बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट पर भरोसा नहीं करते। ऐसे में आप घर पर ही केसर की मदद से फेसपैक तैयार कर सकती हैं। हम आपको घर पर पैक तैयार करने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं।



### केसर और दूध

केसर और दूध का सेवन जिस तरह से शरीर के लिए फायदेमंद होता है, ठीक उसी तरह से इसको आप चेहरे पर लगाकर ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस थोड़ा सा दूध लेकर उसमें केसर के 3-4 धागे डालें। अब इसे मिलाकर रूई की मदद से अपने चेहरे पर लगाएं। चेहरे के दाग-धब्बों को हटाने में ये आपकी मदद कर सकता है।

### केसर और शहद

एक कटोरी में शहद लेकर उसमें तीन से चार केसर के धागे डालें। इसके बाद इसे अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे लगाने से पहले चेहरे को गीला जरूर कर लें। चेहरे को गीला करने के बाद पैक को चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट के बाद चेहरा साफ कर लें। आप इसका इस्तेमाल हर दूसरे दिन कर सकते हैं।

### केसर और बादाम

इसका पैक तैयार करने के लिए आपको दूध की भी जरूरत पड़ेगी। इसको तैयार करने के लिए आपको पिसे हुए बादाम और केसर के कुछ धागों की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए कटोरी में पानी लें और बादाम और केसर को एकसाथ भिगोकर रख दें। अगली सुबह इसे पीस लें। ये पेस्ट काफी गाढ़ा होता है, ऐसे मे आप इसे सही करने के लिए दूध का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आपकी आंखों के नीचे डार्क सर्कल चेहरे की खूबसूरती को खराब कर रहे हैं, तो आप केसर की मदद से ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं।

## चाहिए परफेक्ट लुक तो साड़ी पहनते वक्त रखें इन बातों का ध्यान




साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे कभी भी और कहीं भी पहना जा सकता है। लड़कियों से लेकर हर उम्र की महिला काफी मन से साड़ी पहनती हैं। साड़ी हमारी भारतीय संस्कृति को दर्शाती है। ऐसे में महिलाएं शादी-विवाह के साथ-साथ दफ्तरों में भी साड़ी पहनकर जाती हैं। साड़ी महिलाओं को इसलिए भी पसंद आती है, क्योंकि उसे पहनने के लिए किसी को अपना साइज नहीं देखना पड़ता।

आप चाहे पतली हों, या फिर आपका वजन ज्यादा हो, साड़ी हर किसी के ऊपर काफी जचती है लेकिन कई बार हम साड़ी पहनते वक्त कुछ गलती कर देते हैं। इन गलतियों की वजह से पूरा साड़ी लुक बिगड़ जाता है। ये गलतियां इतनी मामूली होती हैं, कि बहुत सी महिलाओं को तो ये समझ ही नहीं आतीं।

खासतौर पर महिलाओं को इस बात का संशय काफी रहता है कि कहीं वो साड़ी में मोटी तो नहीं लग रहीं। ऐसे में आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको साड़ी पहनते वक्त जरूर रखना चाहिए।

### खुला रखें पल्लु

अगर आप चाहती हैं, कि साड़ी में आपका वजन ज्यादा ना दिखे तो आप साड़ी का पल्लु हमेशा खुला ही रखें। अगर आप इसमें प्लीट्स बना देंगी, तो आपके शरीर का ऊपर का भाग हैवी दिखेगा।

### साड़ी के वजन का रखें ध्यान

बहुत सी महिलाएं अपने वजन को लेकर काफी डरी हुई रहती हैं। ऐसे में अगर आपका वजन ज्यादा है तो हमेशा हल्के वजन वाली साड़ी को ही चुनें। अगर आप हैवी साड़ी पहनेंगी, तो आपका वजन और ज्यादा दिखेगा।

### शेपवियर देगा परफेक्ट लुक

आप अगर सादा पेटीकोट की बजाय शेपवियर के साथ साड़ी पहनेंगी तो आपका लुक ज्यादा खूबसूरत दिखेगा। शेपवियर की वजह से लुक और प्यारा दिखता है। साड़ी में पतला दिखने के लिए हमेशा डार्क रंग की साड़ी का चयन करें। अगर आप हल्के रंग की साड़ी पहनेंगी तो आपका वजन ज्यादा दिख सकता है।

## इस मौसम के लिए परफेक्ट हैं लिपस्टिक के ये शेड्स, करें ट्राई

मेकअप लुक को कंप्लीट करने के लिए हम लिपस्टिक लगाते हैं, ताकि चेहरे के साथ-साथ लिप्स भी खूबसूरत नजर आए। सर्दियों का सीजन शुरू होते ही हम अपने स्किन केयर और मेकअप प्रोडक्ट को चेंज करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में स्किन ड्राई होने लगती है। लिप्स भी फटने लगते हैं। ऐसे में मैट मेकअप करते हैं तो वो अच्छा नहीं लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप ग्लॉसी मेकअप करें और इसके साथ लिपस्टिक के यहां बताए गए इन 2 शेड्स को ट्राई करें। इससे आपके लिप्स काफी सुंदर नजर आएंगे, साथ ही आपको नए ट्राई करने के लिए मिलेंगे। चलिए आपको बताते हैं सर्दियों के हिसाब से कौन से 2 लिपस्टिक शेड्स हैं जो अच्छे लगेंगे।

### डार्क ब्राउन शेड लिपस्टिक करें ट्राई

सर्दियों में लिप्स ड्राई नजर आते हैं और फटने की वजह से उनका कलर भी डार्क हो जाता है। ऐसे में अगर आप रेड लिपस्टिक या पिंक कलर लगाएंगी तो वो होंठों पर अच्छी नहीं लगेगी। इससे बेस्ट है कि आप डार्क ब्राउन कलर लगाएं। इसमें आपको लिक्विड और



ग्लॉसी हर एक तरह के कलर मिल जाएंगे। आप चाहे तो चॉकलेट ब्राउन या फिर न्यूड ब्राउन कलर भी ले सकती हैं। इस तरीके शेड्स न्यूड या फिर ब्राउन टोन मेकअप के साथ काफी अच्छे लगते हैं। इसकी खरीदारी आप ऑनलाइन या फिर मेकअप स्टोर पर जाकर करें, ताकि आपको इसे अप्लाई करके देखने का मौका भी मिले।

### न्यूड शेड लिपस्टिक

आप इस विंटर अपने लिप्स के लिए न्यूड शेड लिपस्टिक ले सकती हैं। ये काफी अच्छी लगती हैं और इसे किसी भी ओकेजन (ऑफिस के लिए लिपस्टिक शेड्स) पर लगाया जा सकता है।

## लाल, हरी और पीले रंग वाली चूड़ी सेट के ये नए डिजाइंस हैं खास, बसंत पंचमी पर आएंगे काम

हाथों की शोभा बढ़ाने के लिए आप हथेली के आकार के हिसाब से चूड़ी के डिजाइन को चुनना चाहिए। आप चाहे तो इनका एक सेट भी बनाकर पहन सकते हैं। अपने लुक को खास बनाने के लिए हम कई तरीके की चूड़ी व कंगन को पहनते हैं। ज्यादातर हम ऐसा किसी ओकेजन में स्टाइलिश दिखने के लिए करते हैं। आजकल मार्केट में हाथों के आकार और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से आपको चूड़ी के सेट मिल जाएंगे। बसंत पंचमी इस बार 2 व 3 फरवरी को मनाई जा रही है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। वहीं इस हम लाल, पीली और हरे रंग जैसे कई कलर्स की चूड़ी सेट पहनी जाती है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं बसंत पंचमी के दिन में पहनने के लिए चूड़ी सेट के नए डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### लाल रंग के चूड़ी सेट डिजाइन

लाल रंग की चूड़ी लगभग हर तरह के कलर कॉम्बिनेशन वाली आउटफिट क्र साथ पहन सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह की चूड़ी के साथ अलग-अलग तरह चौड़े साइज वाले कंगन पहन सकती हैं। इसके




अलावा आप लाल रंग की चूड़ी के साथ 4 से 5 अलग कलर्स की पतली चूड़ी को मिलाकर सेट बना सकती हैं। बसंत पंचमी के दिन पीले रंग की चूड़ियां पहनना बेहद शुभ माना जाता है और इसमें आपकोप्लेन से लेकर बारीक नग में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। वहीं आप चाहे तो इन्हें भारी और फैंसी लुक देने इ लिए साथ में मीडियम या चौड़े साइज के पर्ल डिजाइन कंगन को पहन सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### ऑफिस कैजुअल लुक के लिए स्वेटर को ऐसे करें स्टाइल, दिखेंगे सबसे अलग

## सर्दियों के मौसम की विदाई में स्वेटर भी चुनें फैशन के अनुरूप, लोग आपकी तारीफ करते नहीं थकेंगे

*सर्दियों का मौसम अब जल्द ही विदा होने वाला है। ऐसे में ऑफिस कैजुअल लुक के लिए आपको अपने स्टाइल को बदलने की जरूरत होती है, ताकि आप परफेक्ट नजर आए। हम सभी अपने लुक्स को लेकर हमेशा अपडेट रहते हैं। इसलिए जो भी फैशन ट्रेंड चल रहा होता है तो उसके हिसाब से कपड़े भी खरीदकर रखते हैं ताकि जब उन्हें वियर करें तो हर कोई हमारी तारीफ करें। लेकिन जब बात आती है ऑफिस कैजुअल लुक की तो इसके लिए हम जैकेट, कोट और श्रग खरीदते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है हमारा इन्हें एक ही तरीके से वियर करने का मन नहीं करता है। ऐसे में आप स्वेटर को अलग-अलग तरीके से स्टाइल कर सकती हैं, जिसके तरीके हम आपको बताएंगे।*



### डेनिम जींस के साथ करें स्टाइल

अगर आपको स्वेटर वियर करना है तो इसके लिए आप लूज डेनिम को पेयर कर सकती हैं। इसके साथ स्वेटर लुक अच्छा लगेगा, साथ ही आप ऑफिस में कम्फर्टेबल रहेंगी। इस फोटो में दीपिका पादुकोण ने भी ऐसे ही स्वेटर को स्टाइल किया हुआ है, साथ में बोल्ड आईमेकअप और एक्सेसरीज को एड किया है। उनके इस लुक को शलिना नथानी द्वारा स्टाइल किया गया है। आप भी अपने ऑफिस के लिए इस लुक को रीक्रिएट कर सकती हैं।

### एक्सेसरीज के साथ स्वेटर को करें स्टाइल

आप ऑफिस कैजुअल लुक के लिए आप स्वेटर के साथ एक्सेसरीज के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए (साड़ी रीयूज) आप वन लेयर चेन नेकलेस या फिर हूप्स इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक भी अच्छा लगेगा और आप स्टाइलिश भी लगेंगी। ऐसी ज्वेलरी आप मार्केट से 100 से 200 रुपये में खरीद सकती हैं और ऑफिस में पहनकर जा सकती हैं।

### बेल्ट के साथ करें स्टाइल

अगर आप लूट स्वेटर को वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप इससे आपका लुक कैजुअल लगेगा, साथ ही (पाकिस्तानी सलवार सूट) आपको कुछ अलग ट्राई करने का मौका मिलेगा। इसके लिए आप ब्लैक या फिर ब्राउन दोनों तरह की बेल्ट का इस्तेमाल कर सकती हैं जिस पर गोल्डन वर्क हुआ हो, ये काफी क्लासी लगती हैं और दिखने में अच्छी लगती हैं।

### इन चीजों को करें लुक में एड

अगर आपको लुक और ज्यादा स्टाइलिश बनाना है तो इसके लिए आप बूट्स, हेयर स्टाइल और मेकअप लुक से भी अपने आपको खूबसूरत दिखा सकती हैं। इससे भी आप अपने ऑफिस



कैजुअल लुक को अच्छा कर सकती हैं। आपकी राय हमारे लिए महत्वपूर्ण है! हमारे इस रीडर सर्वे को भरने के लिए थोड़ा समय जरूर निकालें। इससे हमें आपकी प्राथमिकताओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी।